दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 84 | सीकर, गुरुवार 21 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति का विस्तार



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बुधवार को समिति का विस्तार किया। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी गणेश कुमार हलवाई को 31 सदस्यीय संरक्षक मण्डल प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण कुमार गोयनका को 10 सदस्यीप जन सम्पर्क प्रकोष्ठ का प्रभारी मनोनीत किया गया है। समिति द्वारा चलाए जा रहे झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अन्तर्गत निकट भविष्य में बड़े आंदोलन की संभावना को देखते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में विस्तार किया जा रहा है। यहां आयोजित कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों ने हलवाई एवं गोयनका का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महासचिव डॉ मनोज सिंह टीकेएन, उपाध्यक्ष फैयाज अहमद खान, सलाहकार मण्डल प्रमुख चन्द्रप्रकाश धूपिया, झुंझुनूं नगर मण्डल अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, राकेश कुमार गुप्ता एवं रामप्रताप आर्य उपस्थित थे।

## मदन राठौड़ बोले-पेट्रोल-डीजल पर 90 पैसा बढ़ाया तो तूफान मच गया

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- पीएम मोदी के मेलोनी को मेलोडी टॉफी देने पर कंपनी का शेयर बढ़ा



जयपुर।

जयपुर में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- पेट्रोल-डीजल की कीमत 90 पैसे ही बढ़ाई है, कोई बहुत ज्यादा नहीं बढ़ा दिया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर विपक्ष के सवालों पर राठौड़ ने कहा- अशोक गहलोत ने कितना बढ़ा दिया था, यह उनको पता नहीं है क्या? उन्होंने कितना वैट बढ़ा दिया था, उनको याद ही नहीं है। हमने केवल 90 पैसे बढ़ाया और तूफान मच गया, कमाल हो गया, यह कोई बात है। मदन राठौड़ ने बुधवार को बीजेपी मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए यह कहा। राठौड़ ने कहा- इस समय दुनिया में कितना संकट है। इसमें हमने व्यवस्थित तरीके से संभाला हुआ है। उनको धैर्य रखना चाहिए, 90 पैसे बढ़ने से जैसे उनकी व्यवस्थाएं बिगड़ गई हों, ऐसी बात करते हैं। पेट्रोल-डीजल की किल्लत की खबरों को लेकर मदन राठौड़ ने कहा- पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। वितरण व्यवस्था भी बराबर है। मैं देश की जनता से कहना चाहता हूं कि इन परिस्थितियों में संयमित तरीका अपनाएं। व्यवस्थित रूप से उपयोग करें, सभी आवश्यक काम करें, कोई दिक्कत की बात नहीं है, लेकिन फिजूलखर्ची से बचें, इसका जरूर ध्यान रखें।

### मेलोनी को मेलोडी-टॉफी देने पर कंपनी का शेयर बढ़ गया

पीएम मोदी द्वारा इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को मेलोडी टॉफी देने पर राहुल गांधी के तंज पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- इसका परिणाम आप देख लीजिए, जो मेलोडी टॉफी दी, उस कंपनी का शेयर कितना बढ़ गया है। राहुल गांधी जिस टॉफी की आलोचना कर रहे हैं, मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि देश-दुनिया ने इसे कितना महत्व दिया है। कंपनी के शेयर बढ़ गए, यह राहुल गांधी को अक्ल आने के लिए पर्याप्त है।

### राहुल गांधी हताशा में घटिया शब्दावली पर उतरे

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। राठौड़ ने कहा- जनता में कांग्रेस की स्वीकार्यता लगातार घटती जा रही है। ऐसे में हाशिए पर पहुंची कांग्रेस को देखकर राहुल गांधी हताशा में घटिया शब्दावली पर उतर आए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने वाले राहुल गांधी को मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राहुल गांधी का बयान हताशा की पराकाष्ठा है।

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

## ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की; राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

**तेल अवीव/ तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

### विपक्ष बोला- युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास हो


यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है।

### ट्रम्प का दावा- नेतन्याहू वही करेंगे जो वो कहेंगे

ट्रम्प ने दावा किया कि इजराइल में उनकी लोकप्रियता 99त्न है और वे अमेरिका के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री का चुनाव भी लड़ सकते हैं। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इजराइल में बहुत समर्थन मिलता है। अगर जरूरत पड़ी तो इजराइली पीएम नेतन्याहू वही करेंगे जो वह चाहेंगे। ट्रम्प ने नेतन्याहू को बहुत अच्छा नेता बताया और कहा कि उनके साथ इजराइल में सही व्यवहार नहीं किया जाता। ईरान के मुद्दे पर ट्रम्प ने कहा कि उन्हें किसी समझौते की जल्दी नहीं है, लेकिन वह चाहते हैं कि कम से कम लोगों की जान जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ईरान पर एक और बड़ा हमला हो सकता है, क्योंकि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है।

### ट्रम्प बोले- ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म

ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायुसेना और लगभग सब कुछ खत्म हो चुका है। स्र कोस्ट गार्ड अकादमी में भाषण देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अब सिर्फ एक सवाल बचता है क्या अमेरिका जाकर इसे पूरी तरह खत्म करेगा, या फिर ईरान कोई समझौते पर हस्ताक्षर करेगा।



### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स...

1. **ट्रम्प** ने ईरान पर बड़ा हमला टाला: ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान पर बड़ा हमला करने वाला था, लेकिन फिलहाल उसे रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि कतर, सऊदी अरब और ्श्व ने बातचीत को मौका देने के लिए हमला टालने की अपील की थी।
2. **ईरान** ने होर्मुज स्ट्रेट पर नया कंट्रोल सिस्टम बनाया: ईरान ने पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी बनाकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए अनुमति अनिवार्य कर दी। ईरान ने कहा कि बिना परमिशन गुजरना अवैध माना जाएगा।
3. **ईरान** बोला- यूरेनियम संवर्धन पर समझौता नहीं करेंगे: ईरान ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन उसका अधिकार है और वह किसी दबाव में नहीं आएगा। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी कहा कि बातचीत होगी, लेकिन ईरान झुकेगा नहीं।
4. **ईरान** ने ट्रम्प-नेतन्याहू पर 500 करोड़ इनाम वाला बिल तैयार किया: ईरानी संसद में ऐसा बिल लाने की तैयारी है, जिसमें ट्रम्प और नेतन्याहू की हत्या करने वालों को ?500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने का प्रस्ताव है।
5. **अमेरिकी** नाकेबंदी से ईरानी तेल फंसा: फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान को समुद्र में खड़े पुराने टैंकरों में तेल स्टोर करना पड़ रहा है। फारस की खाड़ी में ईरानी तेल से भरे टैंकरों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## युवाओं में ऊर्जा, कृषि से जुड़ें, करें नवाचार : सीएम

### जैविक खेती को दें बढ़ावा, प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए राज्य सरकार कर रही सहयोग



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बांसवाड़ा के कुशलगढ़ स्थित चुड़ादा गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में किसानों एवं पशुपालकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की मंशा है किसान लाभ की खेती अपनाएं और आय बढ़ाएं। इसी क्रम में ग्राम विकास रथ प्रदेशभर में संचालित किए गए, ताकि किसान योजनाओं से रूबरू हों और विकास की यात्रा में मजबूती से सहभागी बने। उन्होंने किसानों से जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार बैलों द्वारा पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती करने पर 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया है। इसके अंतर्गत बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि सरकार खुशहाल और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, आईजीएनपी एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ माही, देवास तथा सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, 26 जिलों के किसानों को दिन के समय में बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो कि वर्ष 2027 तक प्रदेशभर में उपलब्ध होगी।

उन्होंने स्थानीय पैदावार के अनुरूप प्रोसेसिंग यूनिट्स लगाने के साथ-साथ ग्रीन हाउस और पॉली हाउस के विस्तार पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान दुग्ध उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना में 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान देते हुए दुग्ध संकलन केन्द्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सहकारिता का निरंतर विस्तार हो रहा है। प्रत्येक पंचायत पर सहकारिता की यूनिट की स्थापना पर कार्य किया जा रहा है।

## राहुल बोले-आरएसएस के लोगों से कहें कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री गद्दार

### अमेठी में कहा- देश में बिजनेस बंद हो रहे, मोदी मेलोनी को टॉफी खिला रहे

रायबरेली/ अमेठी।

राहुल गांधी ने रायबरेली में बुधवार को कहा कि जब आरएसएस के कार्यकर्ता आपके सामने आएंगे तो उनसे खुलकर कहिएगा कि आपका प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और संगठन गद्दार है। आपने हिंदुस्तान को बेचने का काम किया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, अब आर्थिक तूफान आ रहा है। मोदी आपको बचा नहीं पाएंगे। याद रखना, जैसे कोविड और नोटबंदी के समय रोए थे, कहा था- मुझे फांसी पर लटका देना। वैसे ही टीवी पर फिर आएंगे। हाथ जोड़ेंगे। रोएंगे। कहेंगे- मेरी गलती नहीं है। इसके बाद राहुल अमेठी पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा- इटली की पीएम मेलोनी को नरेंद्र मोदी टॉफी खिला रहे हैं। रील बनाई जा रही हैं। ये बीजेपी वाले मेरा मजाक उड़ाते हैं। जो आर्थिक दीवार उन्हें खड़ी करनी थी, नहीं की। मजाक चल रहा है। देश में बिजनेस बंद हो रहे हैं।



राहुल दो दिन के दौरे पर 19 मई (मंगलवार) को रायबरेली पहुंचे थे। बुधवार दोपहर 2 बजे रायबरेली से अमेठी आए। यहां संजय गांधी अस्पताल में मरीजों से मुलाकात की। इसके बाद दिल्ली रवाना हो गए। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राहुल 6 बार रायबरेली आ चुके हैं। यह उनका 7वां दौरा है। इससे पहले, वे 19 जनवरी 2026 को रायबरेली आए थे। भाजपा अध्यक्ष का पलटवार, कहा- आप भारतीय राजनीति के राहु राहुल के गद्दार वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा- यह उनकी अराजकतावादी मानसिकता को दिखाता है।

## जयपुर की रातें बाड़मेर से भी गर्म



**जयपुर।** मई का महीना आधा बीतते ही राजस्थान में सूर्यदेव ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। राजस्थान में भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू का दौर बेहद आक्रामक हो चुका है। आलम यह है कि हिल स्टेशन सिरोही को छोड़ दिया जाए, तो प्रदेश के बाकी सभी जिलों में पारा 40डिग्री से लेकर 47डिग्री के बीच झुलस रहा है। मौसम विभाग की मानें तो उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और आगामी तीन से चार दिनों तक इस हीटवेव से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इस दौरान लगभग 20 से 30 किलोमीटर रफ्तार से गर्म हवाएं भी चलेंगी।

### चित्तौड़गढ़ में छूटा पसीना, जयपुर में हॉट नाइट का टॉर्चर

पिछले 24 घंटों के दौरान राजस्थान का चित्तौड़गढ़ सबसे गर्म इलाका रहा, जहां पारा 46.3डिग्री पर जाकर थमा। इसके साथ ही श्रीगंगानगर 45.9डिग्री, अलवर 45.8डिग्री और पिलानी 45.3डिग्री तापमान के साथ भट्टी की तरह तप रहे हैं। इस बार केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी लोगों को बुरी तरह सता रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि बाड़मेर और जैसलमेर जैसे रेतीले इलाकों से भी ज्यादा गर्म रातें राजधानी जयपुर में दर्ज की जा रही हैं। मंगलवार रात को जयपुर का न्यूनतम तापमान 31.3डिग्री दर्ज किया गया है।

### जैसलमेर की रेत में पापड़ सेक रहे लोग

राजस्थान के जैसलमेर जिले में 44 डिग्री तापमान के बीच लोग गर्मी में झुलस रहे हैं। इसी बीच एक तस्वीर सामने आई जिसमें कुछ युवक भीषण गर्मी में रेत के अंदर पापड़ सेकते हुए नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि शहर की सड़कों से लेकर रेतीले धोरों तक आम जनता के पसीने छूट रहे हैं और वह घरों में ही कैद होना उचित मान रहे हैं।


## नगर परिषद झुंझुनू देगी राशि, घर-घर पहुंच रही टीम

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने के उद्देश्य से नगरपरिषद झुंझुनू और वी वाइस की टीम द्वारा सिटीजन फीडबैक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत टीम घर-घर जाकर नागरिकों से स्वच्छता संबंधी सुझाव और फीडबैक एकत्र कर रही है, साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी सक्रिय रूप से पहुंच बनाई जा रही है। नगरपरिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने बताया कि एसबीएम एमआईएस इंजीनियर मुकेश पालीवाल एवं वीवॉइस के आईइसी एक्सपर्ट कपिल गुप्ता के मार्गदर्शन में टीम शहर के प्रमुख स्थानों जैसे राजकीय एवं निजी अस्पताल, स्कूल-कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर नागरिकों से फीडबैक फॉर्म भरवा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिकों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है और फीडबैक प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। नागरिक गुगल पर स्वच्छ सर्वेक्षण अर्बन सीटीजन फिडबे सर्च कर आसानी से अपनी राय दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से फीडबैक सबमिट किया जा सकता है। नगरपरिषद द्वारा नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता चैंपियन योजना भी शुरू की गई है। इसके तहत जो नागरिक अधिक से अधिक लोगों का फीडबैक दर्ज करवाएंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा तथा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। नगरपरिषद प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि जब भी टीम उनके पास पहुंचे, तो सहयोग करें और अपना फीडबैक अवश्य दें। आपका एक फीडबैक झुंझुनू को देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल कराने में अहम भूमिका निभा सकता है। किसी भी जानकारी या समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 9251594117 पर संपर्क किया जा सकता है।




### कोबरी-सार



# नकबजनी की वारदात करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की कोटखावदा थाना पुलिस ने नकबजनी की एक वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित और चोरी का माल खरीदने वाले एक सुनार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के गहनों को गलाकर तैयार किए गए नए जेवरात और चोरी की रकम से खरीदी गई एक कार भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि कोटखावदा थाना पुलिस ने नकबजनी की एक वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित लोकेश मीणा निवासी दौसा हाल जामडोली और रजत सोनी निवासी जामडोली गिरफ्तार किया है। लोकेश मीणा के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से चोरी के गहनों को गलाकर तैयार किए गए नए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी लोकेश मीणा ने चोरी के गहने बेचकर मिले पैसों से एक लग्जरी कार खरीदी थी। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। थानाधिकारी भरतलाल महर ने बताया कि रामनगर निवासी बद्रीनारायण मीणा ने 18 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनका पुत्र और बहू 1 अप्रैल को जमवारामगढ़ डॉक्टर को दिखाने गए थे। 5 अप्रैल को लौटने पर घर के बेडरूम के बॉक्स में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब मिले। चोर करीब 750 ग्राम चांदी की कणकती, 250 ग्राम चांदी की पायजेब, 250 ग्राम हथफूल और 12 ग्राम सोने का जंतर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त भवानी सिंह के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी शाखा और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने मुख्य आरोपी लोकेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी के कुछ गहने बरामद करवाए और शेष जेवरात सुनार को बेचने की बात कबूल की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर चोरी का माल खरीदने वाले सुनार रजत सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। वहीं कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी भरत लाल महर, हेड कांस्टेबल रामसिंह, श्रवणलाल, नेमीचंद, बृजेंद्र सिंह, कांस्टेबल बलराम, सुभाष चंद्र, सीताराम, मुरारीलाल, महिला कांस्टेबल लालीदेवी और चालक कांस्टेबल गोविंद नारायण की विशेष भूमिका रही।

# आर्थराइटिस केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं : डॉ. पीयूष अग्रवाल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आर्थराइटिस को आमतौर पर बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारी माना जाता है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह धारणा पूरी तरह सही नहीं है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. पीयूष अग्रवाल के अनुसार आर्थराइटिस केवल बुजुर्गों तक सीमित बीमारी नहीं है, बल्कि यह युवाओं और बच्चों को भी प्रभावित कर सकती है। समय पर लक्षणों की पहचान और उचित उपचार से इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि आर्थराइटिस जोड़ों से जुड़ी बीमारियों का एक व्यापक समूह है। ऑस्टियोआर्थराइटिस उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों में घिसाव के कारण होता है, जबकि रूमेटॉइड आर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जो युवावस्था या मध्य आयु में भी शुरू हो सकती है। वहीं जुवेनाइल आर्थराइटिस बच्चों में भी देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोटापा, निष्क्रिय जीवनशैली, गलत बैठने की आदत, लगातार दबाव, खेलों में चोट और पुराने आघात जैसी वजहों से युवाओं में भी जोड़ों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके बावजूद लोग जोड़ों के दर्द और सूजन को सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार लगातार दर्द, सूजन, जकड़न या जोड़ों की गतिविधि में कमी आर्थराइटिस के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। इन लक्षणों की अनदेखी करने से अंदरूनी क्षति बढ़ सकती है और बाद में उपचार कठिन हो जाता है। कुछ प्रकार के आर्थराइटिस शरीर के अन्य अंगों जैसे आंखों, त्वचा और आंतरिक अंगों को भी प्रभावित कर सकते हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कई लोग यह मान लेते हैं कि आर्थराइटिस होने पर शारीरिक तिविधियां बंद कर देनी चाहिए, जबकि हल्का व्यायाम, स्ट्रेचिंग और मांसपेशियों को मजबूत करने वाले अभ्यास इस बीमारी के प्रबंधन में काफी मददगार साबित होते हैं। लंबे समय तक निष्क्रिय रहने से जोड़ों की जकड़न और दर्द बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, दवाओं, फिजियोथेरेपी, वजन नियंत्रण और जीवनशैली में बदलाव के जरिए आर्थराइटिस के लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। डॉ. अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि जोड़ों के दर्द को केवल उम्र का असर मानकर अनदेखा न करें। समय पर चिकित्सकीय सलाह और जागरूकता से इस बीमारी के गंभीर प्रभावों से बचा जा सकता है।

# मिष्ठान भंडार में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर क्षेत्र के गांव बुचावास में बुधवार अल सुबह बस स्टैंड पर स्थित बालाजी मिष्ठान भंडार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे व इसकी सूचना पुलिस प्रशासन व तारानगर नगर पालिका प्रशासन को दी। आग की सूचना मिलते ही मिष्ठान भंडार मालिक हलवाई जगदीश प्रसाद पारीक व उसका पुत्र सुभाष पारीक भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी भयानक थी कि इस पर काबू नहीं पाया जा सका। आग की सूचना पाकर नगरपालिका की दमकल टीम व भालेरी पुलिस मौके पर पहुंची व आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि आग से दुकान में रखी मिठाई, काउंटर, फर्नीचर, ठंडा व पानी की बोतले, खाद्य सामान, फ्रिज, पंखे, कूलर, टेबल कुर्सी सहित दुकान में रखे नकदी रुपए आदि जलकर राख हो गए जिससे मिष्ठान भंडार के मालिक जगदीश प्रसाद पारीक को लाखों का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आगजनी से हुए नुकसान का आकलन कर पीड़ित दुकानदार जगदीश प्रसाद को उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है। दुकान में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मिष्ठान भंडार के मालिक पीड़ित हलवाई जगदीश प्रसाद ने भालेरी पुलिस थाने में आगजनी की रिपोर्ट दी है।

# ग्रीष्मकालीन अभिरुचि, कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनू में किया जा रहा है। ज्योति विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगड़ में ग्रुप स्तरीय ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का आयोजन सीओ स्काउट महेश कालावत के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय प्रबंध सचिव चिरंजीलाल सैनी की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। बगड़ में आयोजित शिविर में घुड़सवारी, सिलाई, पेंटिंग, मेंहदी, वाद्य यंत्र, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट महेश कालावत ने कहा कि शिविर में विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर उसमें दक्षता हासिल करनी है और शिविर में सीखा गया कौशल जीवन में आजीविका का सशक्त माध्यम बनेगा।

शिविर का संचालन चिरंजीलाल सैनी प्रबंध सचिव ज्योति विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नेतृत्व में चल रहा है तथा कैंप प्रभारी के रूप में सरोज भास्कर, बद्री प्रसाद जांगिड़, कुसुमलता एवं विद्यालय का स्टॉफशिविर की प्रभावी मॉनिटरिंग कर रहा है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में आयोजित शिविर सीओ स्काउट महेश कालावत के नेतृत्व में समदर लाल सैनी, सुनीता बेनीवाल, विजेता कुमारी, सरिता, रामसिंह कुलहरी, अंजू सैनी, रामचंद्र मीणा, विजेंद्र सिंह आदि दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा रूप में सेवाएं दे रहे हैं। झुंझुनू में आयोजित शिविर में सिलाई, नृत्य, पेंटिंग, ब्यूटी पार्लर, स्पोकन इंग्लिश, गीत संगीत, वाद्य यंत्र, मेहंदी, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक प्रतिदिन जारी है।

शिविर में शिविरार्थियों को शिविर समापन पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# फर्जी बीपीएड डिग्री से बना शारीरिक शिक्षक एसओजी के शिकंजे में

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी राजस्थान ने शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में फर्जी बी.पी.एड डिग्री के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार फागणा को अलवर से गिरफ्तार किया है। आरोपी कोटपूतली-बहरोड़ जिले के फागणों की ढाणी, खड़ब का निवासी है।

एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बसंल ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में बी.पी.ई.एड की मार्कशीट अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता थी। जांच में सामने आया कि आवेदन के समय आरोपी राजेश कुमार फागणा के पास यह योग्यता मौजूद नहीं थी, लेकिन उसने कथित रूप से फर्जी तरीके से आवेदन में बी.पी.ई.एड योग्यता दर्शाई। जांच के अनुसार आरोपी ने बाद में जे.एसविश्वविद्यालय से शिक्षा सत्र 2017-19 की बैक-डेट में तैयार करवाई गई फर्जी बी.पी.ई.एड डिग्री और मार्कशीट हासिल की। यह डिग्री कथित रूप से दलाल पंकज जैन और पवन सिंह चौहान के माध्यम से तैयार करवाई गई थी। इसी आधार पर आरोपी ने वर्ष 2023 में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मारकपुर, गोविंदगढ़ अलवर में शारीरिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर ली। एसओजी ने इस मामले में आरोपी राजेश कुमार फागणा, जे.एस. यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने पंकज जैन और पी.एस. चौहान के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों सुकेश कुमार और नंदन कुमार मिश्रा की मिलीभगत से फर्जी डिग्री तैयार करवाई थी। इस मामले में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर सुकेश कुमार और नंदन कुमार मिश्रा को 6 मार्च को गिरफ्तार कर 9 मार्च को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वहीं मुख्य आरोपी राजेश कुमार फागणा, पंकज जैन और पी.एस. चौहान गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे थे। एसओजी ने जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 17 मई को राजेश कुमार फागणा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गये। संस्थान के संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के लिए गर्मी की तीव्रता को देखते हुए हमारा कर्तव्य मानव के प्रति ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों के प्रति भी अच्छा होना चाहिए, इस प्रकार के कार्यों से ही व्यक्ति महान सफलता प्राप्त कर सकता है एवं बताया कि परिंडे बांधने से ही नहीं प्रतिदिन पानी डालने का कर्तव्य भी निभाना चाहिए। वीपीएल सेंटर हेड डॉ शिखा सहाय ने भी छात्राओं को इन बेजुबान पक्षियों के लिए इंस्टीट्यूट में ही नहीं अपने घर और घर के आस-पास भी परिंडे बांधने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एडमिन हेड जितेंद्र शर्मा, राकेश झाझड़िया व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# ई फार्मेसी के खिलाफ दवाइयों की दुकानें रही पूर्णतया बंद




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ई फार्मेसी और कॉरपोरेट कम्पनियों की नीतियों के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गोनिगेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आहवान पर बुधवार को तारानगर में दवाई की सभी दुकाने बंद रही। तारानगर केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी दुकानें बंद रखकर उपजिला अस्पताल के आगे ई फार्मेसी नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। केमिस्टों ने बताया की ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री से बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाए उपलब्ध हो रही है जिससे नकली एव गलत दवाओं का खतरा बढ़ रहा है और जनस्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। इस मौके पर तारानगर कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष फकरूद्दीन खोखर, सचिव रामस्वरूप कुमावत, सार्दुल पारीक, सत्यनारायण सैनी, श्रवण कस्वा, रामधन चौधरी, वासुदेव शर्मा, सहदेव भाटी, गुलशन चाचाण आदि केमिस्ट मौजूद रहे ।

# अवैध शराब परिवहन मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अवैध शराब तस्करी और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी पंकज पारवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तकनीकी इनपुट और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई कर आरोपी को दबोचा। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि पूर्व जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी पंकज पारवानी निवासी गोनेर रोड को गिरफ्तार किया। पुलिस अब आरोपी से अवैध शराब नेटवर्क और सप्लाई चेन के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी सरला यादव, हेड कांस्टेबल कैलाश चंद और कांस्टेबल शंकर लाल की विशेष भूमिका रही।

# वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत ने संभाली महंगाई की रफ्तार : डॉ. मनीषा सिंह

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत ने संतुलित आर्थिक नीति अपनाते हुए महंगाई को नियंत्रित रखने में सफलता हासिल की है। डॉ. मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए ईंधन कीमतों का बोझ आम जनता पर सीमित रखा। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 के बीच कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 40 से 100 प्रतिशत तक वृद्धि हुई, जबकि भारत में पेट्रोल केवल 3.2 प्रतिशत और डीजल 3.4 प्रतिशत ही महंगा हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने लगभग 76 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी कीमतों का पूरा भार उपभोक्ताओं पर नहीं डाला। डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सीमित मूल्य वृद्धि कर महंगाई के असर को नियंत्रित रखा। 15 मई को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी पिछले चार वर्षों में पहली बड़ी वृद्धि रही। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और श्वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। स्वदेशी उत्पादन, डिजिटल भुगतान और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलने से भारत वैश्विक संकट के दौर में भी मजबूत स्थिति में खड़ा है। डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज डिजिटल भुगतान व्यवस्थाओं वाले देशों में शामिल है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। डॉ. मनीषा सिंह ने कहा कि ईंधन कीमतों का असर परिवहन, कृषि, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ता है। ऐसे में सरकार की नियंत्रित मूल्य वृद्धि नीति से आम लोगों को राहत मिली है। उन्होंने नागरिकों से ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग की अपील भी की।

# वैदिक कन्या छात्रावास प्रबंधक कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के बस स्टैंड के पास स्थित वैदिक कन्या छात्रावास में संस्था अध्यक्ष जीताराम जांदू की अध्यक्षता में बुधवार को प्रबंधक कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य रहे स्वर्गीय जीतूसिंह तेतरवाल की आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की गयी एवं छात्रावास की साधारण सभा की बैठक करने व छात्रावास में वार्डन व चौकीदार की नियुक्ति पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर हरिसिंह बेनिवाल, रामजीलाल, कुलदीप, डूंगरराम मील, भोजराज महला, रामस्वरूप झाझड़िया, मदनलाल कालेर, भगतसिंह भाकर, राजेंद्र कस्वां, हेतराम भाकर, केसरी सिँह भालोटिया, हेमराज ज्याणी आदि बैठक में मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत : पीहर पक्ष ने लगाया पति पर हत्या का आरोप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर थाना इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जहां नाईयों के मोहल्ले में रहने वाली 32 वर्षीय रेखा सेन का शव बुधवार सुबह घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए आमेर स्थित राजकीय अस्पताल भिजवाया। थानाधिकारी गौतम डोटासरा ने बताया कि रेखा सेन की शादी करीब 11 वर्ष पहले विष्णु सेन से हुई थी। महिला अपने पति और 8 वर्षीय बेटे के साथ रहती थी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लिया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पीहर पक्ष के 50 से अधिक लोग आमेर थाने पहुंच गए और पति व ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर कई घंटों तक धरने पर बैठे रहे। मृतका की मां सरोज देवी ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम रेखा से फोन पर बात हुई थी। तब उसने घर में परेशानी होने की बात कही थी। मृतका की बहन चंचल सेन ने आरोप लगाया कि पति विष्णु सेन कोई काम नहीं करता था और रेखा ही निजी नौकरी कर परिवार का खर्च चलाती थी। परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार रात रेखा के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतका के रिश्तेदार अभिषेक सेन ने बताया कि दो माह पहले भी रेखा के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था। परिवार ने सास, पति और देवर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र से जेवीवीएनएल में नौकरी पाने वाला शातिर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सरकारी नौकरियों में फर्जीवाड़े और डमी अभ्यर्थियों के जरिए नियुक्ति हासिल करने के मामलों में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने एक और कार्रवाई करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जेवीवीएनएल में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले आरोपी संदीप सैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पिछले दो महीनों से फरार चल रहा था, जिसे एसओजी ने गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बसंल ने बताया कि 6 मार्च 2026 को सवाई मानसिंह अस्पताल के ईएनटी विभागाध्यक्ष एवं नर्सिंग प्रभारी की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि जेवीवीएनएल कर्मचारी संदीप सैनी का मेडिकल बोर्ड के समक्ष बेरा एवं पीटीए टेस्ट होना था, लेकिन जांच के दौरान उसके स्थान पर अशोक कुमार जाट नामक युवक अस्पताल पहुंचा था। डॉक्टरों ने आधार और जनआधार कार्ड की जांच के दौरान पहचान में गड़बड़ी पकड़ लीए जिसके बाद अशोक कुमार जाट को मौके पर ही पकड़ लिया गया। मामले में एसओजी थाने में बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी संदीप सैनी ने पहले बीडीके अस्पताल से हेमीपेरेसिस का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था। बाद में उसने कथित रूप से कूटरचना कर उसकी जगह हियरिंग इम्पेयरमेंट मूक-बधिर का फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर लिया और दिव्यांग कोटे से जेवीवीएनएल में टेक्निकल हेल्पर-तृतीय के पद पर नियुक्ति हासिल कर ली। जहां कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार संदीप सैनी का दोबारा मेडिकल परीक्षण कराया जाना था। रि-मेडिकल में फर्जीवाड़ा उजागर होने के डर से उसने अपने परिचित अशोक कुमार जाट को 10 हजार रुपए देकर अपनी जगह मेडिकल जांच में भेजा था। काम सफल होने पर अधिक रकम देने का भी लालच दिया गया था। एसओजी के अनुसार आरोपी संदीप सैनी झुंझुनू जिले के बबाई क्षेत्र स्थित मामराज की ढाणी का निवासी है और वर्तमान में जेवीवीएनएल सांगानेर में टेक्निकल हेल्पर के पद पर कार्यरत था। एसओजी ने बताया कि आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने वाले नेटवर्क, संभावित सरकारी अधिकारियों और अन्य सहयोगियों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में भाजपा मुख्यालय का घेराव करेगी कांग्रेस

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीट-2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले और इसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता के आरोपों को लेकर राजस्थान कांग्रेस बुधवार को जयपुर में भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि लगातार नीट परीक्षा के पेपर लीक मामलों को रोकने में केंद्र सरकार विफल रही है और जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए को भंग करने की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता बुधवार सुबह 10 बजे जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एकत्रित होंगे। इसके बाद कार्यकर्ता जुलूस के रूप में शहीद स्मारक होते हुए भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां घेराव और विरोध.प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों से देशभर के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। पार्टी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है।

# सांसद जोशी ने किए भैरु बाबा के दर्शन



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर वर्तमान वैश्विक ऊर्जा संकट के दौरान सादगी और मितव्ययिता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी ने मंगलवार रात चेतक एक्सप्रेस से यात्रा की। उनके रींगस रेलवे स्टेशन पहुंचने पर खंडेला विधानसभा के विधायक सुभाष मील के नेतृत्व में भाजपा रींगस मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने सांसद का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। स्टेशन पर स्वागत के तत्पश्चात सांसद जोशी ने रींगस स्थित जन-जन के आराध्य भैरु बाबा के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की खुशहाली, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद जोशी ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और उत्पन्न हुए होर्मुज संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की बचत और ऊर्जा में मितव्ययिता बरतने का जो आह्वान किया है, हम सभी देशवासियों को उस पर अमल करना चाहिए। उन्होंने पूर्ण आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही कूटनीतिक प्रयासों से होर्मुज संकट सुलझ जाएगा और वर्तमान में विश्वभर में जारी ऊर्जा संकट भी जल्द समाप्त हो जाएगा। भाजपा नेता विष्णु चुलेट, भाजपा मंडल महामंत्री रोशन सितमका व युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सांसद के इस स्वागत समारोह एवं दर्शन कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, अमित शर्मा, गिरिराज सिंह तंवर, मन की बात प्रभारी निर्मल सिंह, दीपक बाजिया, गोगराज भामू, ओम प्रकाश बुड़ी, महेन्द्र बधाला, आयुष कानूनगो, विजेन्द्र मील, महेन्द्र बावलिया, अंकित भातरा सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री नरेंद्र प्रजापत हत्या मामला

## दो आरोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू के जिला एवं सेशन न्यायालय ने साल 2024 के एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री नरेंद्र प्रजापत हत्याकांड में फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। परिवादी के अधिवक्ता एडवोकेट सुरेंद्र सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 नवंबर 2024 को मृतक नरेंद्र प्रजापत के चाचा ने चूरू के सदर थाना में नरेंद्र की हत्या का मामला दर्ज करवाया था, उसी प्रकरण में न्यायालय ने 21 ग्वाहों और 46 प्रदर्शित दस्तावेजों के आधार मानते हुए बूंटिया निवासी अमित उर्फ मितला और हितेश को आजीवन कारावास की सजा और 55-55 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है।

### पार्टी कर लौट रहा था घर

मृतक के चाचा वार्ड 46 निवासी प्रेमचंद प्रजापत ने 2 नवंबर 2024 को चूरू के सदर थाने में रिपोर्ट दी थी कि रात वह और उसका 28 वर्षीय भतीजा नरेन्द्र प्रजापत, सत्येन्द्र उर्फ पीपी, चन्द्रभान शर्मा, विकास जांगिड़, अर्जुन सिंह और अमजद, अर्जुन सिंह की दुकान पर पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान भतीजे नरेन्द्र ने बताया कि बूंटिया निवासी अमित उर्फ मितला और बास ढाकान निवासी शुभम ढाका पिछले सात आठ दिन पहले गाड़ी किराये को लेकर मारपीट की थी, अब भी उसको जान से मारने की धमकिया दे रहे हैं, पार्टी खत्म होने के बाद रात करीब साढ़े 11 और 12 बजे के बीच हम चूरू की तरफ रवाना हो गए नरेन्द्र और अमजद एक बाइक पर आगे चल रहे थे। उसका चाचा प्रेमचंद्र, सत्येन्द्र उर्फ पीपी और चन्द्रभान शर्मा कार में पीछे-पीछे आ रहे थे। तभी डाबला गांव के पास काले रंग की थार गाड़ी आयी और नरेन्द्र की बाइक को गाड़ी आगे लगाकर रोक लिया। थार गाड़ी में से अमित उर्फ मितला, शुभम ढाका और चार अन्य लोग हाथ में डंडा और सरिया लेकर उतरे और नरेन्द्र पर हमला कर दिया। अमित उर्फ मितला और शुभम ने नरेन्द्र को पकड़ लिया। अमित ने नरेन्द्र के सिर पर आगे से वार किया, जिससे वह नीचे गिर गया, शुभम ने डंडे से उसके सिर पर पीछे से वार किया। जब अमजद ने बीच बचाव किया तो उससे भी मारपीट की गयी। जब वह गाड़ी से तीनों नीचे उतर कर आए तब उक्त आरोपी अमित, शुभम और उसके साथी थार गाड़ी में बैठकर भाग गए। नरेन्द्र प्रजापत को अस्पताल के आपातकालीन वार्ड लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। बता दे की नरेन्द्र प्रजापत एबीवीपी का सक्रिय कार्यकर्ता था वर्ष 2015 में एबीवीपी का नगर मंत्री रह चुका था।

# अणुविभा के विविध प्रकल्पों पर किया विचार मंथन

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति द्वारा स्थानीय जीनियस बाल भारती शिक्षण संस्थान में बुधवार को आयोजित बैठक में अणुविभा के विविध प्रकल्पों पर विचार मंथन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। समिति के मंत्री नरेंद्र स्वामी ने बताया कि अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशानुसार जीवन विज्ञान का संयोजक रामचन्द्र पारीक व एसीसी का संयोजक नरेन्द्र सांकृत्य को नियुक्त किया गया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर दोपहर 2 से 4 बजे तक एसी बंद रखकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश जन जन तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में अधिकाधिक विद्यालयों के पंजीकरण, ईको फ्रेंडली कैरी बैग्स वितरण और विद्यार्थियों को मोबाइल की लत से मुक्त करवाने के लिए चल रहे डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। सह मंत्री नरेन्द्र सांकृत्य ने अणुव्रत क्रिएटिव कॉन्टेस्ट के बारे में बताया कि इसके अंतर्गत हमारी ताकत : हमारा परिवार विषय पर विद्यार्थियों की एकल गायन, समूह गान, भाषण, निबंध, कविता प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर पर 30 जून तक होगी। विद्यालय स्तर पर प्रथम प्रतियोगी जिला स्तरीय में भाग लेंगे तथा आगे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता होगी। कक्षा 5 से 8 कनिष्ठ वर्ग और 9 से 12 वरिष्ठ वर्ग होगा, इसके लिए सर्वप्रथम विद्यालयों को पंजीकरण करवाना होगा। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अरुण रामगढ़िया, कार्यकारिणी सदस्य दौलत राम दायमा, परमेश्वर लाल गौड़, वेद प्रकाश चौधरी और प्रभात बील आदि उपस्थित थे।

# कोटपूतली-बाइपास सड़क निर्माण में घटिया गुणवत्ता के आरोप, जांच की मांग

हरीश देवंदा



**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2021-22 के अंतर्गत निर्माणाधीन स्टेट हाईवे 37बी नारेहड़ा-कोटपूतली बाइपास सड़क निर्माण कार्य में गंभीर गुणवत्ता खामियों एवं अधिकारियों की लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता हरीश देवन्दा के द्वारा कोटपुतली सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को शिकायत भेजकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत में बताया गया है कि करीब 5818.77 लाख रुपये की लागत से बन रही 14.633 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क किनारों से उखड़ रही है, डामर परत टूट चुकी है तथा जगह-जगह गिट्टी बाहर निकल आई है। इसके अलावा सड़क सतह पर असमानता एवं खराब जॉइंटिंग भी देखने को मिल रही है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता मापदंडों की अनदेखी की गई है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य की निगरानी में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ। वर्तमान स्थिति में सड़क आमजन एवं वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है तथा दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। शिकायतकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच, लेबोरेटरी मटेरियल टेस्टिंग, दोषी ठेकेदार पर पेनल्टी एवं ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सड़क का उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से पुनर्निर्माण करवाने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई है।

# रबड़ी कुल्फी का भंडारा लगाया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम में रबड़ी कुल्फी का भंडारा लगाया गया। धाम के ट्रस्टी अन्नू अनिल अग्रवाल एवं बीना झुंझुनुवाला की उपस्थिति में गोपाल भाट की श्रद्धालुओं के लिए रबड़ी कुल्फी का भंडरा किया गया। मन्दिर में विशेष पूजा की गई। पंडित राम व पंडित शम्बूदयाल के आचार्यत्व में शाम को महाआरती की गई। इस अवसर पर हरिराम सैनी, बालकृष्ण बेरीवाला, सुभाष सैनी, उमाशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी की चपेट में सरदारशहर

## आसमान से बरस रही आग, गर्म हवाओं ने बढ़ाई लोगों की परेशानी



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आमजन का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बुधवार को चूरू का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे दोपहर के समय सड़कें और बाजार सूने नजर आए। सुबह से ही सूर्य की तपिश इतनी तेज रही कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। गर्मी बढ़ने के साथ ही लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। दोपहर के समय चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। खासकर बुजुर्ग, बच्चे और दिहाड़ी मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज गर्मी के कारण बिजली और पानी की मांग भी लगातार बढ़ रही है। कई इलाकों में लोग पानी की किल्लत और बार-बार बिजली कटौती से परेशान नजर आए। चिकित्सकों ने भी लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, अधिक से अधिक पानी पीने और हल्के भोजन का सेवन करने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

# सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विप्र फाउंडेशन का प्रदर्शन

## आत्महत्या प्रकरण में दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी को सौंपा ज्ञापन

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में जिला संयोजक उमाशंकर महमिया एवं संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर को ज्ञापन सौंपकर सूदखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 16 मई को विमल कुमार शर्मा ने कथित सूदखोरों की धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के दिन ही मृतक के पिता बनवारी लाल शर्मा द्वारा एफआईआर दर्ज करवाई गई थी लेकिन अब तक नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर परिजनों एवं समाज में भारी रोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में भी कई दोषियों के नाम स्पष्ट रूप से दर्ज हैं। इसके बावजूद पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं होना गंभीर विषय है।

विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों, मृतक के परिजनों, ग्रामवासियों तथा बार एसोसिएशन के सदस्यों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और शीघ्र न्याय की मांग की। ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें रखी गई। इनमें नामजद सभी आरोपियों को पांच दिन के भीतर गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार से सूद के नाम पर वसूली गई राशि वापस दिलाने, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने तथा एएसआई नरेंद्र सिंह को बर्खास्त करने की मांग शामिल है। संगठन ने चेतावनी दी कि पांच दिवस में उचित कानूनी कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, एडवोकेट बाबूलाल शर्मा, रमेश चौमाल, श्याम सुंदर दाधीच, राकेश सहल, विकास पुरोहित, शिवकुमार जेवरिया एडवोकेट, जितेंद्र निर्मल एडवोकेट, कृष्ण कुमार शर्मा एडवोकेट, प्रमोद शर्मा, चिरंजीलाल शर्मा, सुधीर शर्मा, संजीव शर्मा, नेमीचंद शर्मा, नौरंगराम शर्मा, मदन सिंह शेखावत, सांवर सिंह शेखावत, कमलेश शर्मा, विकास शर्मा, दिलीप शर्मा, एडवोकेट अनीता गुर्जर, एडवोकेट सोनू कुमारी, एडवोकेट लक्ष्मीकांत गौड़ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे मेडिकल, मरीजों को उठानी पड़ी परेशानी

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को सरदारशहर में मेडिकल संचालकों ने ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मेडिकल संचालकों ने सरदारशहर तहसीलदार कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मेडिकल एसोसिएशन संघ के सदस्य राजेंद्र पारीक व नरेद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि देशभर में केमिस्ट्स द्वारा एकजुट होकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट को बंद करने तथा नकली दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हड़ताल की गई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हड़ताल का असर सरदारशहर उप जिला अस्पताल में भी देखने को मिला। अस्पताल में कुछ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर से दवा लेने में दिक्कत हुई। मेडिकल बंद होने से कई मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा जबकि दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि अचानक मेडिकल बंद होने से जरूरी दवाइयां नहीं मिल पाई, जिससे इलाज प्रभावित हुआ। वहीं मेडिकल संचालकों का कहना है कि ऑनलाइन दवा कंपनियों और बड़े कॉरपोरेट्स के कारण छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, इसलिए यह आंदोलन मजबूरी में किया जा रहा है। शहरभर में दिनभर मेडिकल प्रतिष्ठान बंद रहने से दवा बाजार पूरी तरह प्रभावित रहा। इस मौके पर मेडिकल एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष नरपत नरेंद्र राजपुरोहित, दयाराम सुथार, कन्हैयालाल सैनी, प्रकाश सोनी, रामाअवतार सोनी, सुरेश पारीक, मोनू वर्मा, रामावतार बोहरा, दीपक शर्मा, अख्तर अली सहित बड़ी संख्या में मेडिकल संचालक मौजूद रहे।

# नवनिर्मित पंचायत भवन का आज होगा लोकार्पण




निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली गांव में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण समारोह गुरुवार को सुबह सवा 8 बजे होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल होंगे। अध्यक्षता प्रशासक परमेश्वरी देवी होंगी जबकि विशिष्ट अतिथि बीडीओ रितेश सांखला मौजूद रहेंगे। गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि नए पंचायत भवन के निर्माण से गांव के प्रशासनिक कार्यों को गति मिलेगी तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम को लेकर पंचायत परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

लोकार्पण समारोह में आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# केसर देवी बालिका विद्यालय में टीनशेड का हुआ लोकार्पण



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पीएमश्री केसर देवी बालिका विद्यालय लाडनूं में टीन शेड लोकार्पण कार्यक्रम सीबीईओ कल्याण सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था प्रधान विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद सुमित्रा आर्य, मौलाना मोहम्मद शाबिर सल्फी, शकुर खान मोयल, सतीश शर्मा, प्रिंसिपल ओमशंकर गर्वा, पुसे खान पूर्व रोडवेज प्रबंधक, ज्यान मोहम्मद भूटा आदि रहे। अध्यापक शिव शंकर बोहरा ने बताया कि हाजी सतार खां ने अपनी पत्नी मुनी बानो की याद में एमडीएम रसोई घर के सामने 1.5 लाख रुपए की लागत से टीन शेड बनवाया। समाजसेवी इशाक मोहम्मद छींपा द्वारा विद्यालय द्वार के सामने फर्श बनाने पर अतिथियों द्वारा माला, साफा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौलाना मोहम्मद शाबिर ने कहा कि परमार्थ की सेवा में धन लगाना एक पुण्य का कार्य है। पैसा होकर उसे अच्छे कार्यों में सदुपयोग करना व्यक्ति को अमर बना देता है। सीबीईओ कल्याण सिंह ने कहा कि भामाशाह द्वारा विद्यालयों में कार्य करवाने से सरकारी स्कूलों का काया कल्प हुआ है नामांकन अभिवृद्धि भी हो रही है। प्रिंसिपल ओमशंकर गर्वा ने बताया कि बालिका विद्यालय में कार्य करना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

# बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एपेक्स इंडिया ग्रीन लीफ सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2025 जीता

निसं




**चित्तौड़गढ़ ( नवयत्न )।** बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा स्थापित सस्टेनेबिलिटी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए डायमंड अवार्ड जीतकर अपनी टोपी में नए पंख जोड़े हैं। यह पुरस्कार पीके सैघल सेवानिधि मेजर जनरल और डॉ अवनीश सिंह सेवानिवृत्त महानिदेशक डीजीएफएएसएल आई श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार, कंपनी की ओर से पुरस्कार विनोद पालीवाल एवीपी सतत विकास को प्राप्त हुआ। उन्होंने गोवा में एपेक्स इंडिया राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और पुरस्कार प्रस्तुति कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक में परिपत्र अर्थव्यवस्था अनुपालन से व्यापार अवसर की ओर बढ़ रही है पर पैनल चर्चा में भी भाग लिया। पुरस्कार यह मानते हैं कि कंपनी ने समग्र स्थिरता उत्कृष्टता की दिशा में अपने प्रयासों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह पुरस्कार समग्र स्थिरता प्रदर्शन और निरंतर सुधार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया है। जूरी सदस्यों ने पर्यावरण, सामाजिक, शासन, एएफआर उपयोग, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, जैव विविधता विकास आदि के क्षेत्र में हमारे प्रयासों की भी सराहना की। यह पुरस्कार कंपनी द्वारा समग्र सततविकास में उत्कृष्ट कार्यो के प्रदर्शन को सम्पादित करता है। जयंत कंडपाल इकाई प्रमुख ने बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार समग्र सतत विकास उत्कृष्टता एवं स्थायित्वता के प्रतिकम्पनी के व्यापक दृष्टिकोण का परिचायक है। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय स्तर पर हमारी पहचान बनाती है एवं व्यवसायिक लाभों में सुधार, ग्रीन हॉउस गैसों की कटौती से हरित पर्यावरण और सामुदायिक समृद्धि को बढ़ावा देती है।

# 143 तिरपाल गोदाम धारकों को नोटिस

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगर परिषद के नगरीय एवं पेराफेरी क्षेत्र में अवैध रूप से तिरपाल गोदाम बने हुए हैं। आयुक्त गिरधारी लाल पारीक ने बताया कि उक्त अवैध गोदामों का परिषद के हल्का जमादार एवं स्वास्थ्य निरीक्षक से मौका निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वे अनुसार 143 तिरपाल गोदाम अवैध निर्मित पाये गये। उक्त समस्त अवैध निर्मित तिरपाल गौदाम मालिकों को को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 166, 167, 245 व 194 के तहत 3 दिवस में तामीर इजाजत, भू-उपयोग परिर्वतन व फायर एनओसी से संबंधित दस्तावेज मय लिखित स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया।

## सम्पादकीय

# कोर्ट की सख्ती के मायने

इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय, बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है। हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। हाल ही में सामने आए केरल के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए। लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं तसवीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। पिछले दिनों चंडीगढ़ से एक स्तब्धकारी घटना ने हर किसी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित किया,जब एक अज्ञात व्यक्ति ने एक पिल्ले को धधकते तंदूर में फेंककर जिंदा जला दिया। ऐसे शर्मनाक कृत्य उस भयावह क्रूरता को उजागर करते हैं, जो सार्वजनिक चर्चाओं में उजागर नहीं होती। इस घटना ने इन जीवों की दयनीय स्थिति को ही उजागर किया। वहीं भूख से बिलबिलाते कुत्तों द्वारा कथित तौर पर अपने ही बच्चों को खाने के मामले भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है कि जानवरों के साथ मानवीय व्यवहार का मतलब नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी करना नहीं हो सकता। लेकिन इसके साथ ही जन सुरक्षा को पशु कल्याण की उपेक्षा का बहाना भी नहीं बनाया जा सकता है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों , दोनों के हितों की रक्षा कर सके। हमेशा से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। निश्चय ही बढ़ता तापमान बदलते मौसमों के प्रति संवेदनशील इन जीवों को बेचैन किए हुए है। भूख व आश्रय के अभाव से उपजे असुरक्षाबोध ने भी उन्हें आक्रामक बनाने में भूमिका निभायी है।

## ● विशेष आलेख

# चीन-अमेरिका की निकटता से भारत के सामने वैश्विक चुनौतियाँ

दुनिया एक बार फिर ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है जहाँ दो महाशक्तियों- अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते संवाद, आपसी मुलाकातों और कूटनीतिक समीकरणों को केवल द्विपक्षीय संबंधों के रूप में नहीं देखा जा सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संवाद और संभावित समझौतों को लेकर पूरी दुनिया में चर्चाओं का दौर चल रहा है। एक वर्ग इसे विश्व अर्थव्यवस्था के लिए राहतकारी कदम मान रहा है, क्योंकि इससे बढ़ती महंगाई, व्यापारिक अवरोधों और युद्धजन्य संकटों में कमी आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि यह निकटता भविष्य में एक ऐसे विश्व संरचना को जन्म दे सकती है जहाँ दुनिया की दिशा पुनः कुछ महाशक्तियों के हाथों में सिमट जाए और विकासशील तथा अर्धविकसित देशों के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हो जाएँ। भारत जैसे देशों के लिए यह परिस्थिति अवसर और चुनौती दोनों लेकर आई है।



आज अमेरिका और चीन मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था के लगभग 44 प्रतिशत हिस्से को प्रभावित करते हैं। विश्व व्यापार, तकनीकी विकास, ऊर्जा बाजार, वैश्विक निवेश, वित्तीय संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक निर्णयों पर इन दोनों देशों का गहरा प्रभाव है। ऐसे में इनके संबंधों में किसी भी प्रकार का बदलाव पूरी दुनिया की दिशा बदलने की क्षमता रखता है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध, टैरिफ विवाद, तकनीकी प्रतिबंध और ताइवान से जुड़े तनावों ने विश्व अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाला। कोरोना महामारी के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ टूट गईं, रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा संकट बढ़ाया और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। इन परिस्थितियों में यदि अमेरिका और चीन संवाद और सहयोग की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो इससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता को बल मिल सकता है। विश्व अर्थव्यवस्था के संदर्भ में देखा जाए तो अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने से सबसे पहले वैश्विक बाजारों को राहत मिलेगी। निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार होगा और इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, तकनीक तथा विनिर्माण क्षेत्रों में लागत घट सकती है। इससे महंगाई पर भी नियंत्रण संभव है। किंतु यह केवल तस्वीर का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष यह है कि यदि दोनों महाशक्तियाँ वैश्विक व्यापारिक नियमों और आर्थिक नीतियों को अपने हितों के अनुसार तय करने लगें तो छोटे देशों की आर्थिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। दुनिया पहले भी उपनिवेशवाद और आर्थिक नियंत्रण की राजनीति देख चुकी है, अब आशंका यह है कि कहीं आर्थिक वैश्वीकरण का नया स्वरूप महाशक्तियों के संयुक्त वर्चस्व में परिवर्तित न हो जाए। इसी संदर्भ में जी-2 यानी अमेरिका और चीन केंद्रित विश्व व्यवस्था की चर्चा तेज हुई है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विश्व धीरे-धीरे बहुध्रूवीय व्यवस्था से हटकर दो महाशक्तियों के प्रभाव वाले ढाँचे की ओर बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो वैश्विक नीतियों, व्यापारिक समझौतों और सुरक्षा संबंधी निर्णयों में छोटे देशों की भूमिका सीमित हो सकती है। यह स्थिति भारत जैसे देशों के लिए विशेष चिंता का विषय है क्योंकि भारत हमेशा से बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था और सामूहिक वैश्विक नेतृत्व का समर्थक रहा है। भारत की स्थिति यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न तो पूरी तरह अमेरिकी खेमे में है और न ही चीन के प्रभाव क्षेत्र में। भारत ने लंबे समय से रणनीतिक स्वायत्तता की नीति अपनाई है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीकी और आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। क्वाड जैसे मंचों में भारत की सक्रिय भूमिका है। दूसरी ओर चीन भारत का पड़ोसी देश है और दोनों देशों के बीच सीमा विवादों के बावजूद व्यापारिक संबंध व्यापक हैं। यही कारण है कि अमेरिका और चीन की बढ़ती निकटता भारत के लिए केवल बाहरी घटना नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन का विषय है। भारत और चीन की तुलना करें तो चीन ने पिछले तीन दशकों में विनिर्माण, निर्यात, आधारभूत संरचना और तकनीकी उत्पादन के माध्यम से स्वयं को वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित किया। चीन की आर्थिक नीति केंद्रीकृत और तीव्र निर्णय क्षमता वाली रही है। इसके विपरीत भारत का विकास लोकतांत्रिक व्यवस्था, विविधता और संस्थागत संतुलन पर आधारित रहा है। भारत की शक्ति उसकी युवा आबादी, लोकतंत्र, सेवा क्षेत्र और डिजिटल क्षमता में निहित है, जबकि चीन की शक्ति विनिर्माण, निर्यात और पूंजी निवेश में रही है। अमेरिका के साथ चीन के संबंधों में सुधार होने की स्थिति में भारत के सामने यह चुनौती होगी कि वह अपनी आर्थिक और रणनीतिक उपयोगिता को और अधिक प्रभावशाली बनाए। भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर चाइना प्लस वन रणनीति में निहित है। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने पिछले वर्षों में चीन पर निर्भरता कम करने की दिशा में प्रयास किए हैं। अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ चीन के विकल्प के रूप में भारत, वियतनाम और अन्य देशों की ओर बढ़ी हैं। भारत यदि अपनी औद्योगिक नीतियों, आधारभूत संरचना, श्रम सुधार और तकनीकी क्षमता को मजबूत करता है तो वह वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बन सकता है। किंतु यदि भारत आवश्यक गति से सुधार नहीं कर पाया तो यह अवसर अन्य देशों के पास चला जाएगा। तकनीकी क्षेत्र में भी अमेरिका-चीन संबंधों का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और रेयर अर्थ मिनरल्स नई शक्ति राजनीति के केंद्र बन चुके हैं। अमेरिका तकनीकी श्रेष्ठता बनाए रखना चाहता है जबकि चीन तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारत इन दोनों के बीच एक तीसरे विकल्प के रूप में उभर सकता है, लेकिन इसके लिए अनुसंधान, नवाचार और शिक्षा में बड़े निवेश की आवश्यकता होगी। भारत के पास प्रतिभा है, लेकिन प्रतिभा को वैश्विक नेतृत्व में बदलने के लिए दीर्घकालिक दृष्टि चाहिए।

भू-राजनीतिक दृष्टि से भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण है। ताइवान, दक्षिण चीन सागर, रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकटों पर अमेरिका और चीन की भूमिका निर्णायक है। यदि दोनों देशों के बीच समझ बढ़ती है तो सैन्य टकरावों की आशंका कम हो सकती है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार स्थिर होंगे और तेल की कीमतों में राहत मिल सकती है।

भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह अत्यंत लाभकारी स्थिति होगी। लेकिन यदि दोनों महाशक्तियाँ अपने प्रभाव विस्तार के लिए संकटों का उपयोग करती हैं तो विश्व अस्थिरता और बढ़ सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# जैतून का तेल है कई समस्याओं का रामबाण घरेलू इलाज

जैतून का तेल हम में से ज्यादातर लोगों के किचन का एक अहम हिस्सा है। खाना पकाने के लिए इसका प्रयोग बहुत फायदेमंद है, क्योंकि जैतून के तेल को दिल के लिए बहुत स्वस्थ माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, जैतून के तेल का प्रयोग कई घरेलू नुस्खों के तौर पर भी काफी किया जाता है। यहां तक कि कई समस्याएं दूर करने के लिए यह एक बहुत ही प्रभावी उपाय है। इसका कई प्राकृतिक औषधियों में भी प्रयोग किया जाता है। जैतून के तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, साथ ही यह हेल्दी फैट्स से भी भरपूर होता है। इसे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।



### त्वचा की समस्याएं करे दूर

अगर आप जैतून के तेल का प्रयोग शरीर और चेहरे की त्वचा की मालिश के लिए करते हैं, तो यह ड्राई स्किन, कील-मुंहासे और दाग-धब्बे आदि दूर करने में मदद करता है। खासकर ठंड के मौसम में शुष्क त्वचा की समस्या से बचाव में यह बहुत लाभकारी है।

### बालों की समस्याएं दूर होती हैं

बालों की कई समस्याएं जैसे बालों का झड़ना रोकने, ड्राई और फ्रिजी हेयर, सफेद बाल साथ ही डैंड्रफ आदि समस्याओं को दूर करने में जैतून का तेल बहुत लाभकारी है। आप जैतून के तेल से बालों और स्कैल्प की अच्छी तरह मालिश कर सकते हैं, इसके अलावा अपने हेयर मास्क आदि में भी जैतून का तेल मिलाकर बालों में अप्लाई कर सकते हैं।

### मुंह को रखे स्वस्थ

अगर आप जैतून के तेल का प्रयोग ऑयल पुल्लिंग के लिए करते हैं, तो इससे कई फायदे मिलते हैं। यह आपके मसूड़े और दांतों को मजबूत बनाता है। मसूड़ों की सूजन और उनसे खून निकलने की समस्या भी दूर होती है। यह मुंह के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करता है और कैविटी से बचाता है। आप जैतून के तेल में नमक मिलाकर भी दांतों और मसूड़ों की मालिश कर सकते हैं, इससे भी बहुत फायदा मिलेगा।

### दर्द में दिलाता है आराम

छोटी-मोटी चोट, मोच, सूजन आदि के दर्द को दूर करने के लिए भी जैतून के तेल का प्रयोग बहुत प्रभावी है। इसमें फेनोलिक यौगिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जिससे यह सूजन से लड़ने में बहुत प्रभावी है और दर्द से राहत प्रदान करता है। इसके लिए आप जैतून के तेल को गर्म करके इसे दर्द से प्रभावित हिस्से पर लगाकर मालिश कर सकते हैं। आप तेल में हल्दी या लहसुन भी गर्म कर सकते हैं, इससे मालिश करने से भी बहुत फायदा मिलता है।

# इस तरह चेहरे पर लगाएं एलोवेरा, दूर होगी मुंहासे और दाग-धब्बों की समस्या

चेहरे पर कील-मुंहासे, दाग-धब्बे होना चेहरे की सबसे आम समस्याओं में से एक है। जिसके कारण लोगों को काफी असहजता होती है और यह उनकी सुंदरता को भी प्रभावित करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इससे छुटकारा दिलाने में चेहरे पर एलोवेरा जेल का प्रयोग बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है? त्वचा को हेल्दी रखने के लिए एलोवेरा एक अद्भुत औषधीय पौधा होता है। जो त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है, जैसे त्वचा में एलर्जी, चकत्ते, त्वचा में खुजली और पपड़ीदार त्वचा, दाद-खाज आदि। ऐसा इसलिए क्योंकि एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं और उनका सफाया करते हैं।



चेहरे की रंगत में सुधार करने और मुंहासों से छुटकारा दिलाने में भी यह बहुत लाभकारी है। यही कारण है कि यह बहुत से लोगों के स्किनकेयर रूटीन का एक अहम हिस्सा है। यहां तक कि हम में से ज्यादातर लोग अपने एलोवेरा जेल आधारित स्किन केयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करते हैं। हालांकि बाजार में मौजूद स्किन केयर प्रोडक्ट में हानिकारक केमिकल मौजूद होते हैं। जिससे त्वचा को कुछ नुकसान पहुंच सकते हैं। जबकि आप सीधे तौर पर एलोवेरा का जेल निकालकर इसे चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन चेहरे के मुंहासे और दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा का प्रयोग कैसे करें?

### सीधे तौर पर लगाएं

चेहरे पर आप सीधे तौर एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। आप इसके लिए एलोवेरा पौधे का प्रयोग कर सकते हैं, या बाजार से एक प्राकृतिक एलोवेरा जेल खरीद सकते हैं। रात में सोने से पहले चेहरा सादे पानी से धोकर, अच्छी तरह सुखा लें। फिर चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाएं और कुछ मिनट सर्कुलर मोशन में चेहरे की मालिश करें। इसे रात भर के लिए चेहरे पर छोड़ दें, फिर सुबह सादे पानी से धो लें।

### एलोवेरा और नींबू का प्रयोग करें

नींबू में विटामिन सी और साइट्रिक एसिड होता है। इसे एलोवेरा जेल में मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो इससे मुहांसों की सूजन कम होती है और चेहरे की रंगत साफ होती है। आपको 1-2 चम्मच एलोवेरा जेल लेना है, फिर इसमें 1 चम्मच नींबू रस डालकर अच्छी तरह मिलाना है। इसे फेस पैक या मास्क की तरह चेहरे पर लगाएं और कम से 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पानी से धो लें। रात में सोने पहले लगाएं।

### स्क्रब की तरह प्रयोग करें

आप एलोवेरा जेल में नारियल तेल, चीनी और चीनी मिलाकर इसे चेहरे पर फेस स्क्रब की तरह प्रयोग कर सकते हैं। यह डेड स्किन, त्वचा के अतिरिक्त तेल, गंदगी, पिगमेंटेशन आदि को पहले साफ करने करने में मदद करता है। बस 2 चम्मच एलोवेरा जेल में, 1 चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच चीनी पीसकर मिलाएं, अच्छी तरह मिक्स करें, फिर चेहरे पर सामान्य स्क्रब की तरह प्रयोग करें। इससे सर्कुलर मोशन में 5-8 मिनट मसाज करें और 5 मिनट के लिए चेहरे पर छोड़ दें। उसके बाद सादे पानी से धो लें और चेहरे पर एक अच्छा मॉइश्चराइजर लगाएं।

# बच्चों को आंवला खिलाने से होते है यह बेहतरीन फायदे

आंवला पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आंवला में भरपूर मात्रा में विटामिन सी, आयरन, पोटैशियम और कैल्शियम आदि पाया जाता हैं। इसको नियमित खाने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। आंवला शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में मदद करता है। बड़े लोग, तो आंवले के औषधीय गुण जानकर उसको डाइट में शामिल कर लेते है। लेकिन बच्चों को आंवला खिलाना काफी चैलेंजिग होता है। बच्चों की बढ़ती उम्र में इसे शामिल करने से बच्चों को बहुत फायदा भी होता हैं।

**पाचन तंत्र करें मजबूत :** बच्चों की डाइट में आंवला शामिल करने से बच्चों को कब्ज नहीं होती है। जिससे उनकी भूख बढ़ती है। बच्चों का नियमित आंवला खिलाने से पाचन तंत्र मजबूत होता हैं। कई बार बच्चों के पेट में जल्दी-जल्दी इंफेक्शन होता है। जिस कारण उन्हें पेट से संबंधित परेशानियां होती है।



**बच्चों की इम्यूनिटी करें मजबूत :** बचपन में कई बच्चों की इम्यूनिटी काफी कमजोर होती हैं। जिस कारण वो जल्दी बीमार पड़ते रहते है। आंवला में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ उनको हेल्दी रखने में मदद करता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाएं :** आजकल छोटे-छोटे बच्चे भी घंटो मोबाइल और टीवी के आगे बैठे रहते है। जिस कारण उनकी आंख कमजोर होने के साथ खुजली और आंख लाल होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आंवला बच्चों को खिलाने से आंखों की रेटिना हेल्दी होती है। साथ ही कमजोर नजर की परेशानी भी दूर होती हैं।

**दिमाग को तेज करता है :** आंवला बच्चों के दिमाग को तेज करने में मदद करता है। अगर आपको बच्चा भी याद करके भूल जाता है, तो उसे नियमित आंवला को खिलाएं। ऐसा करने से उसका दिमाग तेज होगा और उसकी स्मरण शक्ति भी बढ़ेगी।

**खून की कमी करें दूर :** आंवला बच्चों को खिलाने से शरीर में खून की कमी दूर होती हैं। आंवला रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में सहायता करता हैं। जिससे शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी नहीं हो पाती। इसके सेवन से बच्चों के शरीर की कमजोरी भी दूर होती है।

## आज का राशिफल

### मेष

अतिथियों का आवागमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। व्यापारिक उन्नति होगी। अनायास किसी समस्या का समाधान हो सकता है। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करना जरूरी है। शत्रु पक्ष से सतर्क रहें।

### वृष

यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठ जन सहयोग करेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। धनलाभ के अवसर आएँगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। अहम का भाव मन में न पनपने दें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। आपके कार्यों की परिवार एवं समाज में प्रशंसा होगी।

### मिथुन

विवाद से क्लेश होगा। दु:खद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वस्तुएं संभालकर रखें। सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। कहासुनी, बहस हो सकती है। विवाद समाप्त होने से शांति एवं संतोष मिलेगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

### कर्क

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। धर्नाजन होगा, जोखिम न लें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा। जोखिम के कार्यों में सावधानी रखें। कष्ट, भय, तनाव का माहौल बनेगा।

### सिंह

प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। मनोरंजक यात्रा होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान मिलने की संभावना है। भूमि संबंधी लेन-देन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा।

### कन्या

देव दर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। बाहरी सहयता मिलेगी। रुके कार्य बनेंगे। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। सोच-समझकर व्यय करें। पारिवारिक समस्याओं का हल सूझ-बूझ से करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। धर्नाजन होगा, जोखिम न लें।

### तुला

घर में अशांति रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। तनाव रहेगा। जल्दबाजी न करें। नौकरी, व्यवसाय में इच्छित वातावरण तैयार होगा। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है। संतान की मदद से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### वृश्चिक

घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बाहरी सहायता प्राप्त होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अनायास समस्या सुलझेगी। व्यापार-व्यवसाय में आशानुकूल स्थिति बनेगी। संत-समागम होगा। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग एवं समर्थन मिलेगा।

### धनु

वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। बकाया वसूली होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। धनार्जन होगा। आलस्य को त्यागकर प्रत्येक काम समय पर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। परोपकारी स्वभाव होने के कारण दूसरों की मदद करके सुख अर्जित करेंगे।

### मकर

वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। शुभ समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य कर पाएँगे। अनसोचे काम होंगे। संपति के लेन-देन में सावधानी रखें। व्यापार अच्छा चलेगा। कुसंगति से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

### कुंभ

कष्ट, भय, तनाव का माहौल बनेगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। शत्रु पक्ष से सतर्क रहें। आपके कार्यों की परिवार एवं समाज में प्रशंसा होगी। संतान की मदद से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में नए अनुबंधों से लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

### मीन

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। आजीविका में प्रगति होगी। समय का दुरुपयोग न करें। अधिकारी कामकाज में सहयोग करेंगे। शत्रु भय रहेगा। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा।

## पुलिस गश्ती दल से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों से मारपीट का मामला सामने आया है। गोविंद नगर वेस्ट में देर रात गली के बाहर बैठे युवकों को टोकना पुलिस दल को भारी पड़ गया। नाराज युवकों और उनके परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई कर थप्पड़-मुक्कों से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि घटना 16 और 17 मई की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे की है। हेड कांस्टेबल सुशीन लाल, राम मनोहर और होमगार्ड जवान गगन सिंह पुलिस जीप से क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गोविंद नगर वेस्ट की एक गली में तीन युवक बाहर बैठे दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों द्वारा पूछताछ करने पर एक युवक वहां से चला गया जबकि दो युवक पुलिस दल से बहस करने लगे। समझाइश कर घर जाने के लिए कहने पर दोनों युवक अड़ गए और शोर मचाकर अपने परिवार के लोगों को भी बाहर बुला लिया। इसके बाद परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि पुलिस दल पर थप्पड़-मुक्कों से हमला किया गया। मारपीट के दौरान होमगार्ड जवान गगन सिंह की सोने की चेन भी टूटकर गिर गई। घटना की सूचना मिलने पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा और आरोपी जगजीत, उसकी पत्नी निशा, बेटे तथा चचेरे भाई रिची तलवार को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने और पुलिसकर्मियों से मारपीट करने का मामला दर्ज किया है।

## पांच हजार का इनामी हार्डकोर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह राज्यों की पुलिस के लिए सिरदर्द बने पांच हजार रुपए के इनामी हार्डकोर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में चोरी, लूट, डकैती और हत्या जैसी गंभीर वारदातों में वांछित था। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि आरोपित विजय लाम्बा 28 जनवरी 2026 को भागीरथ कॉलोनी स्थित एक मकान में हुई लाखों रुपए की नकदी और जेवरात चोरी की वारदात का मुख्य सरगना है। इस घटना के संबंध में परिवादिया रचना सबीखी ने विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज कराया था कि 28 जनवरी की शाम परिवार घर से बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी मिली, सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त थे और अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने व नकदी गायब मिले। इस मामले में विधायकपुरी थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त अशोक नगर बालाराम के सुपरविजन में थानाधिकारी नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 25 लाख रुपए नकद और लाखों के गहने बरामद किए थे। इसके बाद में तकनीकी इनपुट और पूछताछ के आधार पर मुख्य आरोपी विजय लाम्बा की तलाश की गई। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भी बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया है और वहां वांछित चल रहा है। इसके बाद जयपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर केंद्रीय जेल बिलासपुर से आरोपी विजय लाम्बा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की राशि में से 2.50 लाख रुपए नकद और बरामद किए गए। इस तरह पूरे मामले में अब तक कुल 27.50 लाख रुपए नकद और लाखों के गहने बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार 52 वर्षीय विजय लाम्बा मूल रूप से विकासपुरी, नई दिल्ली का निवासी है और वर्ष 1995 से अधिकतर समय जेल में रहा है। हत्या के एक मामले में वर्ष 2023 में जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से अपनी गैंग सक्रिय कर दी थी। आरोपी पॉश इलाकों और ज्वेलरी शोरूम की रेकी कर रात के समय सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अन्य राज्यों में हुई चोरी और लूट की कई बड़ी वारदातों का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## हवामहल में एटीएस की मॉक ड्रिल : हथियारबंद कमांडो ने चारों तरफ से घेरा

### अचानक कार्रवाई देख थमी सैलानियों की सांसें, बाद में मिली राहत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी के ऐतिहासिक हवामहल में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस एटीएस राजस्थान के कमांडो ने पूरे परिसर को चारों तरफ से घेर लिया। अचानक सुरक्षा बलों की तैनाती देखकर वहां मौजूद देशी-विदेशी पर्यटक और स्थानीय लोग एकबारगी घबरा गए। कुछ समय तक लोगों को लगा कि किसी बड़ी अनहोनी या आतंकी खतरे की स्थिति बन गई है। हालांकि कुछ ही देर बाद लाउडस्पीकर से घोषणा कर बताया गया कि यह एटीएस की ओर से आयोजित सुरक्षा मॉक ड्रिल है। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार हवामहल की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की तैयारियों को परखने के लिए एटीएस की चौथी ईआरटी टीम ने यह विशेष मॉक ड्रिल आयोजित की। कमांडोज ने पूरे ऑपरेशन को वास्तविक सुरक्षा अभियान की तरह अंजाम दिया। मॉक ड्रिल के दौरान कमांडो ने हवामहल के प्रवेश द्वारों, झरोखों और आसपास की इमारतों पर रणनीतिक रूप से मोर्चा संभाल लिया। हथियारबंद जवानों की तैनाती और तेज कार्रवाई से कुछ समय के लिए पूरा क्षेत्र कौतूहल का केंद्र बना रहा। अधिकारियों के अनुसार इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में कमांडोज के रिस्पॉन्स टाइम की जांच करना और सुरक्षा व्यवस्था में संभावित कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करना था। मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद वहां मौजूद पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने राजस्थान पुलिस और एटीएस की मुस्तैदी तथा सुरक्षा तैयारियों की सराहना की।


## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इसी क्रम में पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे पद्म पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों के प्रस्ताव अभिशंसा सहित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें। साथ ही संभावित उम्मीदवारों को समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी निर्देशित किया जाए।

# श्रीमद्भागवत कथा में वामन अवतार, राम जन्म और कृष्ण जन्मोत्सव की बही भक्ति धारा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाटिया बिरादरी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में बुधवार को कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कथा के दौरान वामन अवतार, भगवान श्रीराम जन्म, भगवान श्रीकृष्ण जन्म एवं नन्द महोत्सव के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ कथा रस में डूबे नजर आए। व्यासपीठ से सुरेश जी शास्त्री ने वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान कभी भी भक्त का अहित नहीं करते, बल्कि उसके भीतर छिपे अहंकार को समाप्त कर उसे सही मार्ग दिखाते हैं। दैत्यराज बलि के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि मनुष्य को धन, पद और शक्ति का अभिमान नहीं करना चाहिए। विनम्रता और सेवा भाव अपनाने वाले व्यक्ति पर सदैव भगवान की कृपा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य के पास संसाधन तो बहुत हैं, लेकिन शांति नहीं हैए क्योंकि वह भगवान से दूर होता जा रहा है। कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए होती है।

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए शास्त्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन से मर्यादा, त्याग, माता-पिता की सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यदि परिवार में राम जैसे संस्कार आ जाएं तो घर स्वयं अयोध्या बन जाता है। जैसे ही श्रीराम जन्म का वर्णन हुआ, पूरा पंडाल श्जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया और भक्ति गीतों पर झूम उठे। आचार्य शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन से क्रोध, लोभ और अहंकार का त्याग कर प्रेम, धैर्य और सेवा भाव अपनाना चाहिए। जिस घर में प्रतिदिन भगवान का स्मरण होता है, वहां नकारात्मकता कभी नहीं टिकती। कार्यक्रम अध्यक्ष अजय गांधी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान कथा स्थल पूरी तरह उत्सवमय हो उठा। शास्त्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कुराकर धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रेम, मित्रता और कर्मयोग का संदेश देकर मानवता को जीने की कला सिखाई। श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल श्नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। नन्द महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर उत्सव मनाया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तथा बच्चों ने कान्हा स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान खिलौनों, फल और सूखे मेवों की उछाल की गई तथा माखन-मिश्री और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शास्त्री ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य के पास समय तो है, लेकिन भगवान के नाम जप और सेवा के लिए समय नहीं निकाल पाता।

यदि प्रतिदिन कुछ समय प्रभु स्मरणए सत्संग और सकारात्मक विचारों के लिए निकाला जाए तो जीवन की अनेक परेशानियां स्वत: समाप्त होने लगती हैं।

## इंटरडिसिप्लिनरी डिजाइन में ग्लोबल लेवल पर बेहतर अवसर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ग्लोबल लेवल पर इंटरडिसिप्लिनरी डिजाइन एक्सपर्ट की मांग बढ़ रही है, नए स्टार्ट अप्स एवं प्रोजेक्ट्स में ये यह महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा जा रहा है। ये कहना है कि जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी जेकेएलयू के डिजाइन इंस्टीट्यूट हेड प्रो. बाला सुब्रह्मण्यम का। वे स्टूडेंट को डिजाइन कोर्सेज में हो रहे नवाचारों एवं परिवर्तन पर संबोधित कर रहे थे। प्रो. बाला सुब्रह्मण्यम ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले स्टुडेंट्स को विशेष रिसर्च करनी चाहिए किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने से पहले। उन्होंने कहा कि इंटरडिसिप्लिनरी डिजाइन कोर्सेज में प्रिंटिंग पब्लिकेशन, वेब डिजाइन, प्रोडक्ट डिजाइन समेत विभिन्न क्षेत्रों में डिजाइन विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे वे अपने क्षेत्र में बेहतर करने के योग्य हो पाते हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के लिए यूजी एवं पीजी डिजाइन कोर्सेज में प्रत्येक सेमेस्टर में डिजाइन सब्जेक्ट चयन का विकल्प रहता है, साथ ही डिजाइन कोर्सेज को मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी से भी इंटरकनेक्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन, प्रोडक्ट, इंटरडिसिप्लिनरी और इंटरेक्शन डिजाइन कोर्सेज उपलब्ध हैं एवं नियमित रूप से डिजाइन स्टूडेंट्स के बढ़ते पैकेज ने इन कोर्सेस की मांग और बढ़ा दी है।

# बच्चों को बचपन से ही दें धर्म, नैतिकता और भक्ति के संस्कार : शास्त्री

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण के चौथे दिन बुधवार को भीष्म पितामह संवाद और श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान बच्चों को संस्कारवान बनाने और सनातन मूल्यों से जोड़ने का संदेश दिया गया। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्री गोवर्धननाथ एवं मथुराधीश प्रभु के दर्शन कर 56 भोग महोत्सव में भाग लिया। कथावाचक गिरिराज शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत के अनुसार बच्चों को बचपन से ही धर्म, नैतिकता और भक्ति के संस्कार देना माता-पिता का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सत्संग, पूजा-पाठ, महापुरुषों की कथाएं और सद्ग्रंथों के माध्यम से सत्य, सेवा, करुणा और बड़ों के सम्मान जैसे संस्कार सिखाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कार बचपन में ही दिए जाने चाहिए, क्योंकि उसी समय बाल मन को सही दिशा दी जा सकती है। बच्चों को रामायण, गीता और भागवत की कथाएं सुनाने तथा पूजा में बैठाने की आदत डालनी चाहिए। जिस घर में सद्ग्रंथ नहीं होते, वह घर मशान के समान माना गया है। बच्चे उपदेश से कम और माता-पिता के व्यवहार से अधिक सीखते हैं। भीष्म पितामह संवाद का उल्लेख करते हुए शास्त्री ने कहा कि महाभारत में बाणों की शय्या पर लेटे भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को राजधर्म, मोक्ष और नैतिकता का उपदेश दिया था। वहीं भगवान कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति भीष्म स्तुति के रूप में प्रसिद्ध है। श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद पर उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता जीवन के कर्मए धर्म और कर्तव्य का शाश्वत संदेश देती है। कुरुक्षेत्र के युद्ध में निराश अर्जुन को भगवान कृष्ण ने कर्मयोग और धर्म का मार्ग दिखायाए जो आज भी मानव जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मण, ओमप्रकाश मांधना, सरोज चावला, रामसहाय मांधना, सुनील कपूर, संजय बांगड़, भरत मालपानीड़ प्रमोद कोटेवाला, गोवर्धन भगत एवं रेखा भगत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष गोविन्द मालपानी, मंत्री पीडी बांगड़ एवं कोषाध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल टुकड़ेवाला ने बताया कि आयोजन के दौरान प्रतिदिन भागवत के मूल श्लोकों का पाठ किया जा रहा है। पाठ की स्वर लहरियों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।

# देशव्यापी केमिस्ट हड़ताल का रहा असर

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** देशभर में अवैध एवं अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया गया। इस हड़ताल को राजस्थान राज्य केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त रहा। राजलदेसर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स ने अपने प्रतिष्ठान पूर्णत: बंद रखकर आंदोलन में भागीदारी निभाई तथा एकजुटता का परिचय दिया। तहसीलदार हरदीप सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ऑनलाइन दवा बिक्री से जुड़े गंभीर मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की मांग की गई। केमिस्ट संगठनों ने आरोप लगाया कि विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा बिना उचित चिकित्सकीय सत्यापन के दवाओं की बिक्री और होम डिलीवरी की जा रही है, जो जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इसके साथ ही ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट डीप डिस्काउंटिंग से छोटे एवं लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर संचालकों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में केंद्र सरकार से तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग भी की गई। संगठनों का कहना है कि इन प्रावधानों का दुरुपयोग कर ऑनलाइन कंपनियां दवाओं की अनियंत्रित सप्लाई को बढ़ावा दे रही हैं। केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स ने स्पष्ट कहा कि दवाएं कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं। बिना चिकित्सकीय परामर्श एवं उचित सत्यापन के दवाओं की बिक्री से आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। इस अवसर पर राजलदेसर केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मनफूल टांडी, सचिव राकेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार सांखला, इमरान, मदन दाधीच, अनिल दाधीच, आसिफ छीपा, सुरेश कुमार सांखला, गजानंद सैनी, करूण पारीक, शेखर सोनी, संजय स्वामी, विष्णु प्रजापत, धीरज प्रजापत, महेंद्र शर्मा, सवाई सिंह, जेपी शर्मा, धनजीत, पीके मालाकार आदि मौजूद रहे।

## गोपीनाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास महोत्सव जारी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री राधागोपीनाथ में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत चल रहे विभिन्न भक्तिमय दिव्य महोत्सवों में चतुर्थ दिवस को व्यास पीठाचार्य प्रयागराज महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के परम भक्तों में से भगवान नारद के पूर्व जन्म की, द्रोपदी और उत्तरा के भक्तिमय दिव्य चरित्र की पावन कथा सुनाई गई। मंदिर के महंत डॉक्टर मनोहर शरण दास से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि में राम चरित्र मानस में भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किया गया। महंत मनोहर शरण दास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन भगवान की मंगल अलौकिक स्वरूप का श्रृंगार, दोपहर में 2 से 6 बजे तक भागवत कथा का श्रवण एवं रात्रि में रामचरित्र मानस के पाठ का कार्यक्रम मंदिर में आयोजित हो रहा है।

## टीबी मुक्त भारत मोबाइल एप लांच

### टीबी मरीजों को मिलेगी सटीक जानकारी, दवा का भी आएगा रिमाइंडर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारत को टीबी मुक्त देश बनाने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही हैं। इस दिशा में एक ओर नई पहल टीबी मुक्त भारत एप लांच कर के की गई है। इस एप को गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि यह एप टीबी मरीजों, उनके परिवार तथा समुदाय के लोगों के काफी फायदेमंद साबित होगा। इसमें टीबी रोग की सही व सटीक जानकारी मिलेगी। साथ ही दवा के संबंध में रोगी के पास रिमाइंडर भी आएगा। इससे रोगी को दवा के बारे में समय पर जानकारी मिल सकेगी और वे समय पर टीबी का पूरा इलाज लेंगे। इसके साथ ही उनको पोषण सहायता भी इस एप के माध्यम से मिलेगी। वहीं इस एप से आमजन भी जुड़कर अपने क्षेत्र के मरीजों की मदद कर सकेंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल जाट ने बताया कि इस ऐप की खास बात यह है कि इसमें एआई की मदद से खुशी आपकी ई संगिनी चैटबॉट भी है। यह ऐप सभी टीबी रोगियों के लिए ई नि:क्षय मित्र की तर काम करेगा। खुशी आपकी ई संगिनी चैटबॉट के माध्यम से मरीज को दैनिक रिमाइंटर प्राप्त होगा और उपचार से जुड़े किसी भी प्रकार का प्रश्न मरीज पूछ सकते हैं, उनके उपचार से जुड़े प्रश्नों के उत्तर भी उनको मिलेंगे। यह ऐप टीबी निदान, उपचार आदि से संबंधित प्रश्नों का समाधान करेगा। साथ ही यह एप आमजन को नि:क्षय मित्र के रूप में पंजीकरण की सुविधा भी देता है ताकि इच्छुक नागरिक एप के जरीये नि:क्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पोषण के लिए धन राशि या पोषण खाद्य सामग्री या सोशल समर्थन के रूप में सहयोग कर सकते हैं।

# मंगल कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन शकुंतला देवी महावीर प्रसाद शर्मा की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र सुशील शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा एवं समस्त परिवारजनों द्वारा कराया जा रहा है।

कथा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल राम विद्यालय पहुँची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जयकारों एवं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पर ऋषिकेश से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक हरिशरण महाराज ने व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत कथा का प्रथम दिवस का रसपूर्ण वर्णन किया। महाराजश्री ने कथा के दौरान कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलाने वाली दिव्य गंगा है। पहले दिन की कथा में भागवत महात्म्य, सत्संग की महिमा, मानव जीवन का उद्देश्य तथा भगवान भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। महाराज ने कहा कि कलियुग में भगवान प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग सत्संग, सेवा और हरिनाम संकीर्तन है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन के दु:ख दूर होते हैं तथा आत्मिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने भक्तों को लोभ, मोह और अहंकार से दूर रहकर धर्म एवं संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से प्रभु इच्छा तक निर्धारित किया गया है। वहीं प्रतिदिन प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी एवं अमृत प्रवचन का आयोजन भी किया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान सुशील कुमार शर्मा सहपत्नीक रहे। इस अवसर पर अनेक संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी और नीम लगाने से मिलते हैं ये फायदे

असंतुलित खानपान, बढ़ते प्रदूषण और भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण स्किन से जुड़ी परेशानियों से हर व्यक्ति पीड़ित है। यूं तो बाजार में स्किन से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के नाम पर हजारों प्रोडक्ट्स मिलते हैं, लेकिन इनमें केमिकल का इस्तेमाल होने की वजह से ये हर तरह की स्किन के लिए सुरक्षित नहीं माने जाते हैं। स्किन से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए कुछ आयुर्वेदिक चीजों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। स्किन पर मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसे, झुर्रियां आदि को दूर करने में बहुत फायदा मिलता है। नीम और मुल्तानी मिट्टी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। नियमित रूप से मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन की चमक वापस आती है और कई गंभीर परेशानियों से मुक्ति मिलती है। मुल्तानी मिट्टी और नीम का कॉम्बिनेशन स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स को बनाने में भी किया जाता है। मुल्तानी मिट्टी में कूलिंग, एंटी-माइक्रोबियल और क्लींजिंग गुण होते हैं। स्किन से जुड़ी लगभग सभी परेशानियों में मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल करने से फायदा मिलता है।



## मुहांसों से दिलाए छुटकारा

मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल करने से आपके चेहरे पर मौजूद मुहांसे और एक्ने आदि को दूर करने में बहुत फायदा मिलता है। मुल्तानी मिट्टी और नीम में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण स्किन पर मौजूद गंदगी, एक्स्ट्रा ऑयल और डेड स्किन सेल्स को हटाने का काम करते हैं। स्किन पर मौजूद रोम छिद्रों को गहराई से साफ करने में भी मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है।



## झुर्रियों को कम करने में फायदेमंद

बढ़ती उम्र और खराब पोषण की वजह से आपकी स्किन पर झुर्रियां आ जाती हैं। स्किन पर मौजूद झुर्रियों को दूर करने के लिए भी मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी और नीम से बना फेस पैक लगाने से आपको फायदा मिलता है।

## दाग-धब्बों को हटाए

चेहरे से दाग-धब्बों को मिटाने के लिए मुल्तानी मिट्टी और नीम का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। नीम और मुल्तानी मिट्टी में मौजूद गुण स्किन को साफ करने और दाग-धब्बों को दूर करने का काम करते हैं। आप स्किन पर मुल्तानी मिट्टी और नीम के पानी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## रूखी और बेजान स्किन के लिए फायदेमंद

रूखी और बेजान स्किन की परेशानी से छुटकारा पाने के लिए मुल्तानी मिट्टी में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन की खोई हुई चमक वापस आती है। स्किन पर मुल्तानी मिट्टी और नीम से बना फेस पैक भी लगा सकते हैं, इसके अलावा इन दोनों के पेस्ट का इस्तेमाल भी बहुत फायदेमंद होता है।



# स्किन को अंदर से निखारने में मदद करता है ग्लूटाथियोन

ग्लूटाथियोन शरीर में एक महत्वपूर्ण और पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट होता है। यह एक ऐसा पदार्थ है, जो शरीर में फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है। आपको बता दें ग्लूटाथियोन शरीर के द्वारा ही निर्मित होता है। ग्लूटाथियोन 3 अमीनो एसिड से बना होता है- इसमें ग्लूटामाइन, ग्लाइसिन और सिस्टीन शामिल है। लेकिन कुछ स्थितियों जैसे खराब खान-पान, क्रोनिक बीमारी और इंफेक्शन की वजह से शरीर में ग्लूटाथियोन का स्तर कम होने लगता है।




## सल्फर रिच डाइट

सल्फर रिच डाइट लेने से ग्लूटाथियोन को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, ग्लूटाथियोन को अवशोषित करने के लिए सल्फर की जरूरत होती है। आपको बता दें कि सल्फर मछली, पोल्ट्री आदि से प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा ग्लूटाथियोन ब्रोकली, फूलगोभी, केल, स्प्राउट्स और सरसों के साग में भी मिलता है। इसलिए अगर आपके शरीर में ग्लूटाथियोन का स्तर कम हो गया है या फिर स्किन का निखार कम हो गया है, तो आप सल्फर रिच डाइट का सेवन कर सकते हैं।

## विटामिन सी

विटामिन सी एक तरह का एंटीऑक्सीडेंट है। स्ट्रॉबेरी, पपीता, कीवी जैसे फलों में विटामिन सी अधिक मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी ग्लूटाथियोन की पूर्ति करने में काफी मददगार साबित होता है। विटामिन सी लेने से शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स को भी नष्ट करने में मदद मिलती है। विटामिन सी की पूर्ति के लिए आपको नियमित रूप से विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप विटामिन सी सप्लीमेंट भी ले सकते हैं। रोजाना विटामिन सी लेने से ग्लूटाथियोन की मात्रा को कम होने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा आप पालक, एवोकाडो, शतावरी और भिंडी के सेवन से भी ग्लूताथियोन की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। विटामिन सी मेलेनिन को भी कम कर सकता है।

## व्हे प्रोटीन

ग्लूटाथियोन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए आप व्हे प्रोटीन का भी सेवन कर सकते हैं। ग्लूताथियोन का उत्पादन अमीनो एसिड पर निर्भर करता है। आपको बता दें कि सिस्टीन नामक अमीनो एसिड शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है, यह ग्लूटाथियोन के अवशोषण को बढ़ाने में मदद करता है। आप मार्केट में मिलने वाले व्हे प्रोटीन को भी ले सकते हैं।

## पूरी नींद लें

ग्लूटाथियोन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए पूरी नींद लेना भी बहुत जरूरी होता है। दरअसल, नींद की कमी होने पर हार्मोनल असंतुलन हो सकता है। जब हार्मोन असंतुलित होते हैं, तो ग्लूटाथियोन का स्तर कम हो सकता है। ऐसे में ग्लूटाथियोन के स्तर को बढ़ाने के लिए पूरी नींद लेना बहुत जरूरी होता है।

## रेगुलर एक्सरसाइज करें

आप रोजाना एक्सरसाइज करके भी ग्लूटाथियोन के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। एक्सरसाइज और योग एंटीऑक्सीडेंट्स और ग्लूटाथियोन के स्तर को बनाए रखने में काफी मदद करता है। इसलिए आपको अपने डेली रूटीन में एक्सरसाइज को जरूर शामिल करना चाहिए।

# पेट की गड़बड़ी आपके हार्मोन्स को कैसे प्रभावित करती है?

महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन की समस्या बहुत आम है। इन दिनों ज्यादातर महिलाएं इससे जूझ रही हैं। मूड में परिवर्तन, वजन बढ़ना, थकान, पीएमएस, कम कामेच्छा, बालों का झड़ना, चेहरे पर अनचाहे बाल जैसी समस्याओं से महिलाएं आए दिन निपटती हैं, ये सभी शरीर में हार्मोन्स के अंसुलन को दर्शाते हैं, इसके लिए अलावा पीरियड्स समय पर न आना, पीरियड्स के दौरान गंभीर ऐंठन जैसी समस्याएं भी हार्मोनल असंतुलन के कारण ही देखने को मिलती हैं। वैसे तो आमतौर हार्मोन्स के असंतुलन के लिए खराब खानपान और जीवनशैली की खराब आदतों को दोष दिया जाता है जैसे कि स्मोकिंग और शराब पीना, तला-भुना, नमकीन और अधिक मसालेदार भोजन आदि। खराब आंत स्वास्थ्य थायराइड फंक्शन को प्रभावित कर सकता है, साथ ही यह आयोडीन, सेलेनियम, जिंक जैसे जरूरी पोषक तत्वों के अवशोषण को भी प्रभावित करता है। जिससे यह महिलाओं में कई अन्य जरूरी हार्मोन में परिवर्तन का कारण भी बन सकता है। यही कारण कि महिलाओं को स्वस्थ खानपान और शारीरिक रूप से एक्टिव रहने की सलाह दी जाती है। क्योंकि इससे आपकी आंतों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। साथ ही कुछ प्रोबायोटिक्स जैसे दही का सेवन करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि यह आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और आंत को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। यह आंत के टॉक्सिन्स को भी बाहर निकालने में मदद करता है जो कई गंभीर रोगों का कारण बनते हैं।

**थायरॉइड :** खराब आंत के कारण थायराइड फंक्शन बिगड़ सकता है। जिसके कारण कई अन्य हार्मोन्स को संतुलन भी बिगडता है।

**कोर्टिसोल :** खराब आंत शरीर में सूजन को बढ़ाने में योगदान देती है और कोर्टिसोल को बढ़ाती है।

**एस्ट्रोजन :** जब आपका पेट खराब रहता है और पेट में कब्ज जैसी समस्याएं रहती हैं, तो यह शरीर में अतिरिक्त एस्ट्रोजन के जमाव का कारण बन सकता है।

**इंसुलिन :** गट माइक्रोब्स इंसुलिन को विनियमित करने में मदद करते हैं। इसलिए अगर आपकी आंत स्वस्थ नहीं रहती है।

# कोलेजन बढ़ाने के लिए खाएं ये फूड्स

क्या आपकी त्वचा भी डल पड़ गई है? साथ ही आप जोड़ों में दर्द, साथ ही जोड़ों में मोबिलिटी कम होने और त्वचा में सेल्यूलाइट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं? ये सभी संकेत यह दर्शाते हैं कि शरीर में कोलेजन की मात्रा कम हो गई है। कोलेजन प्रोटीन का प्रकार है, जो हमारी त्वचा, बाल और संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। 70 प्रतिशत तक कोलेजन प्रोटीन हमारी त्वचा बनाती है और 30 प्रतिशत शरीर।




यह सीमेंट जैसा पदार्थ होता है जो हमारे त्वचा को टाइट रखने, जोड़ों में हड्डियों, मांसपेशियों को जोड़कर रखने का काम करता है। जब शरीर में इसकी मात्रा कम होने लगती है तो त्वचा ढीला पड़ने लगती है और झुर्रियां पैदा होने लगती हैं। बुढ़ापे से बचने के लिए कोलेजन प्रोटीन सबसे जरूरी पोषक तत्व है।

**चना :** यह ग्लाइसीन नामक अमीनो एसिड से भरपूर होता है, जो कोलेजन को संश्लेषित करने में मदद करता है और त्वचा पर मौजूद फाइन लाइन्स को कम करता है

**मशरूम :** मशरूम कॉपर से भरपूर होती है, यह कोलेजन को बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही त्वचा की झुर्रियों और फाइन लाइन्स को भी कम करते हैं।

**कोको :** यह कॉपर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जिससे यह आपकी त्वचा की डैमेज को रिपेयर करने और बचाने में मदद करता है। साथ ही यह समय से पहले बुढ़ापे के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है।

**आंवला :** यह विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। जिससे डेड स्किन साफ करने और त्वचा में कोलेजन को बढ़ाने में यह बहुत लाभकारी है।

**पत्ता गोभी :** यह प्रोलीन नामक अमीनो एसिड से भरपूर होती है, जो त्वचा को स्ट्रक्चर और फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करता है।

**बकव्हीट (कुट्टू) :** बकव्हीट में हाइड्रोक्सी प्रोलीन और लाइसिन अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं, जो कोलेजन के निर्माण और बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं।

**काजू :** यह जिंक, कॉपर से जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। जिससे यह त्वचा को स्वस्थ रखने और शरीर की कोलेजन बढ़ाने की क्षमता को बनाए रखने में मदद करता है।

**टमाटर :** यह विटामिन सी, लाइकोपीन से भरपूर होता है जो त्वचा को स्वस्थ रखने और कोलेजन बढ़ाने में मदद करते हैं।

# शरीर और मस्तिष्क को शांत रखने में मदद करते हैं ये मसाले और हर्ब्स

दिनभर की भागदौड़, ऑफिस की टेंशन, परिवार या रिश्तों में अनबन और कई अन्य कारणों के चलते लोग काफी चिंतित और परेशान महसूस करते हैं। यह तनाव सिर्फ आपको मानसिक रूप से ही प्रभावित नहीं करता है, बल्कि इसका असर आपके पूरे शरीर पर भी पड़ता है। आपके हाथ-पैर कांपते हैं, सुन्न हो जाते हैं। साथ ही शरीर में भारीपन और हमेशा थकान महसूस होती है। जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग दवाओं से लेकर घरेलू नुस्खों तक काफी कुछ ट्राई करते हैं। कुछ लोगों के साथ तो इस तरह की समस्या आए दिन रूबरू होना पड़ता है। अगर किसी व्यक्ति के साथ अक्सर इस तरह की समस्या रहती है, तो उन्हें डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, जिससे कि वे इसके कारणों का पता लगा सके हैं और इसके लिए उपचार प्रदान कर सकें। हालांकि अगर आपको कभी-कभी चिंता, तनाव और शरीर में भारीपन जैसी समस्या का अनुभव करते हैं, तो कुछ आयुर्वेदिक हर्ब्स और मसालों की मदद से आप इससे आसानी से राहत पा सकते हैं।



**जायफल :** यह फाइबर से भरपूर होता है और डाइजेस्टिव एंजाइम के स्राव को बढ़ाता है। जायफल मस्तिष्क के लिए एक उत्तेजक के रूप में काम करता है, सतर्कता में सुधार करता है। आप रात में सोने से पहले कैमोमाइल चाय में एक चुटकी जायफल मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। इससे अच्छी नींद लेने में मदद मिलती है।

**कैमोमाइल :** यह पाचन में सुधार करने और इसके कार्य को बनाए रखने में मदद करता है। यह पेट संबंधी कई समस्याएं जैसे अपच, मतली, ब्लोटिंग को दूर रखने और इससे छुटकारा दिलाने में भी मदद करता है। यह हमारी नसों को शांत करता है और चिंता कम करता है। आप सोने से पहले एक कप कैमोमाइल चाय का सेवन कर सकते हैं।

**सौंफ :** भोजन के बाद 1 चम्मच सौंफ का सेवन करने या सौंफ की चाय का सेवन करने से सूजन और उम्र से संबंधित संज्ञानात्मक मुद्दों को कम करने में मदद मिलती है, साथ ही पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

**अश्वगंधा :** अश्वगंधा एसिडिटी, कब्ज और संज्ञानात्मक गिरावट को कम करने में बहुत लाभकारी है। यह तनाव को कम करने में भी मदद करता है, साथ ही एक अच्छी नींद लेने में मदद करता है। आप सोने से पहले अश्वगंधा की चाय का सेवन कर सकते हैं, साथ ही दूध में अश्वगंधा या पाउडर को उबालकर भी पी सकते हैं।

# पूरा दिन थकान से बचने के लिए खाएं ये खास फूड्स

अक्सर हम देखते हैं हम सारा दिन थकान महसूस करते हैं, भले ही आप सुबह जल्दी उठे हों या नहा-धोकर बैठे या घर से निकले हैं। कोई ज्यादा मेहनत वाला काम करने के बाद शरीर में थकान होना सामान्य है, क्योंकि जब को शारीरिक गतिविधि करते हैं तो इससे शरीर की काफी ऊर्जा खर्च होती है। लेकिन बहुत से लोग बिना कुछ किए भी थकान महसूस करते हैं, उन्हें आलस्य आता है और नींद लेने की इच्छा होती है। अगर आप कुछ शारीरिक गतिविधियां नहीं करते हैं और उसके बाद भी आप थकान महसूस करते हैं, तो यह कुछ मामलों में किसी मेडिकल कंडीशन का संकेत हो सकता है। इसलिए आपको एक बार डॉक्टर्स से परामर्श जरूर करना चाहिए, जिससे कि इसके सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। लेकिन क्या आप जानते हैं, बहुत अधिक थकान महसूस होना इस बात का संकेत भी हो सकता है कि आप पर्याप्त पोषक तत्वों से भरपूर आहार नहीं ले रहे हैं। जिससे आपके शरीर को पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिलती है और आप थकान महसूस करते हैं। इसलिए अगर आप भी हमेशा थका हुआ और नींद आने जैसा महसूस करते हैं, तो आपको आपको अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव करने की जरूरत है।



## दाल खाएं

दालों में आयरन की अच्छी मात्रा होती है, जो हमारे रक्त में ऑक्सीजन और हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। जब आपके शरीर में हीमोग्लोबिन या खून की कमी होती है तो इससे भी आपको हमेशा थकान महसूस होती है और शरीर में ऊर्जा कम लगती है। इसलिए आपको दाल का सेवन जरूर करना चाहिए।

## कद्दू के बीज खाएं

यह मैग्नीशियम का अच्छा स्त्रोत हैं। शरीर में इस जरूरी मिनरल कमी के कारण आपको थकान महसूस हो सकती है।

## केला खाएं

यह कार्बोहाइड्रेट, डाइट्री फाइबर और पोटेशियम का अच्छा स्त्रोत है। पोटेशियम मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करता है। शरीर में इसकी कमी होने पर कमजोरी, थकान और ऐंठन जैसी समस्याएं होती हैं।



## अखरोट खाएं

यह ओमेगा 3 का अच्छा स्त्रोत हैं और शरीर में सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करता है, जिससे थकान होती है।

## विटामिन डी रिच फूड्स

शरीर में इस विटामिन की कमी से मांसपेशियों में कमजोरी और थकान महसूस होती है। धूप विटामिन डी का बेहतरीन स्त्रोत है, अगर आप दिन में 20 मिनट धूप में समय बिताते हैं, तो इससे अच्छी मात्रा में विटामिन डी मिलता है। इसके अलावा डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही और फोर्टिफाइड फूड्स में भी अच्छी मात्रा में विटामिन डी होता है। इसके अलावा अंडा, मीट आदि में भी इसकी प्रचुर मात्रा होती है।



# एलोवेरा से इन तरीकों से बनाएं नैचुरल सनस्क्रीन, सनबर्न और पिगमेंटेशन से होगा बचाव

त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों, प्रदूषण और धूल मिट्टी से सुरक्षित रखने के लिए सनस्क्रीन लगाना बहुत जरूरी है। लेकिन सनस्क्रीन सिर्फ घर से बाहर निकलने पर ही नहीं, बल्कि घर में त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। इससे त्वचा को कई नुकसान से बचाने में मदद मिलती है। लेकिन बाजार में मौजूद ज्यादातर सनस्क्रीन में हानिकारक केमिकल्स की भरमार होती है, जिससे इनका त्वचा पर प्रयोग करने से फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकते हैं। लेकिन अच्छी बात यह है कि आप घर पर मौजूद कुछ नैचुरल चीजों की मदद से आसानी से सनस्क्रीन बना सकते हैं। क्या आप जानते हैं आप जानते हैं आप त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए एलोवेरा से भी सनस्क्रीन बना सकते हैं? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! एलोवेरा से बना सनस्क्रीन चेहरे



पर लगाना से सिर्फ धूप और प्रदूषण से ही त्वचा को बचाने में ही मदद नहीं मिलेगी। बल्कि इससे त्वचा को मॉइस्चराइज रखने, दाग-धब्बे साफ करने और डेड स्किन साफ करने में भी मदद मिलेगी।

**एलोवेरा और विटामिन ई सनस्क्रीन :** इसके लिए आपको एक बाउल में एक बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल लेन है। फिर इसमें विटामिन ई तेल की 4-5 बूंदें, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड डालकर, अच्छी तरह मिक्सर करना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा पानी डालकर फिर से मिलाएं। आपका एसपीएफ 15 वाला सनस्क्रीन तैयार है। इसे एक कंटेनर में स्टोर करके रख लें।

**एलोवेरा और अखरोट के तेल से बनाएं सनस्क्रीन :** आपको एक बर्तन में 1/4 कप शुद्ध एलोवेरा जेल डालना है, फिर इसमें 25-30 बूंद अखरोट का तेल, 2-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड, 1 कप शिया बटर और 2-3 चम्मच नारियल तेल डालना है। अच्छी तरह मिक्स करें। इस तरह आपका हाई एसपीएफ वाला सनस्क्रीन तैयार है।

**एलोवेरा और हल्दी से बनाएं सनस्क्रीन :** 1 चम्मच एलोवेरा जेल में आधा चम्मच हल्दी हल्दी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसे सीधे तौर प्रयोग किया जा सकता है। इसके अलावा आप फ्रीजर में इसे जमाकर, इसके क्यूब्स को चेहरे पर रगड़ भी सकते हैं।

# पेंशन के लिए आवेदन शिविर आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के श्रमिक, पथ विक्रेता एवं लोक कलाकार के द्वारा पेंशन के लिए 21 मई को रतननगर नगरपालिका सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 3 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के रतननगर नगरपालिका सभागार में 21 मई, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को सबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

# मदर्स एजुकेशन हब के टॉपर्स सम्मान समारोह में गूंजी सफलता की हुंकार



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मदर्स एजुकेशन हब की ओर से मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में टॉपर्स मीट एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 की एसएससी, बैंक, रेलवे एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के पूर्व छात्र एवं विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित अधिकारी शामिल हुए। इनमें ऋषिराज चौहान, कपिल शर्मा, संतोष चौधरी, आदर्श चौधरी, मीनू चौधरी एवं आशीष डागुर शामिल रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जयपुर में रहकर भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अनुभवी शिक्षकों, नियमित टेस्ट सिस्टम और अनुशासित वातावरण को दिया। समारोह में मौजूद विद्यार्थियों और अभिभावकों ने संस्थान की शिक्षण व्यवस्था की सराहना की। संस्थान के निदेशक सुरेश राव एवं राजेश नेहरा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करवाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को उनके सपनों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि नए बैचों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और संस्थान में सुबह, दोपहर एवं शाम के बैच संचालित किए जा रहे हैं।

# 15 वाहनों के काटे चालान, 11 गाड़िया जब्त



श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत्न)।** रींगस थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को ऑपरेशन प्रहार के तहत भारी वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भैरूजी मोड़ पर पुलिस ने सघन जांच करते हुए यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की। सब इंस्पेक्टर दिलिप सिंह ने बताया कि थानाधिकारी के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने भारी वाहनों के दस्तावेज, ओवरलोडिंग, फिटनेस, परमिट और यातायात नियमों की जांच की। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 15 वाहनों के चालान काटे गए, वहीं 11 वाहनों को जब्त किया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

# बिना पर्ची दवाओं की ऑनलाइन बिक्री सहित कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** अवैध ई-फार्मेसी के संचालन और बड़े कॉर्पोरेट की मनमानी नीतियों के विरोध में बुधवार को देशभर की दवा दुकानें बंद रख कर सांकेतिक हड़ताल की। इस अवसर पर ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बंद के समर्थन में स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहते हुए अपनी दवा की दूकानें बंद रखते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री से नकली दवाओं का चलन बढ़ रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य संकट में है। बड़े कॉर्पोरेट द्वारा अत्यधिक छूट देकर छोटे केमिस्टों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। कोविड काल में लागू की गई आपातकालीन अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग की। केमिस्टों ने चेतावनी दी है कि सरकार की अनदेखी के कारण दवा व्यापारी संकटकाल से गुजर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रकाश सारस्वत कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव मनोज जोशी, मनोज बैद, ओमप्रकाश मंगलहारा, वीरेंद्र सहल, पवन कुमार गोड़, गजानंद चोटिया, प्रदीप भरतीया, प्रदीप शर्मा, अजय सिसोदिया, मुकेश दैया, खींवाराम, संदीप बिस्सु, भगवान सिंह, कमलेश प्रजापत, मेजर सिंह, राजकुमार प्रजापत, प्रीतम चोटिया, भंवरलाल मुंदलीया, हैमन्त रूंथला, दीनबंधु स्वामी प्रदीप शर्मा सहित दर्जनों केमिस्टक उपस्थित थे।



# रोडवेज को निजीकरण की ओर धकेल रही सरकार की नीतियां : यादव

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन एटक की विद्याधर नगर आगार, जयपुर शाखा का सम्मेलन सीकर रोड स्थित होटल नीलगिरि में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश शेरावत ने की। सम्मेलन में सर्वसम्मति से 37 सदस्यीय नई कार्य समिति का गठन किया गया, जिसमें 16 पदाधिकारी और 21 सदस्य शामिल हैं। नई कार्यकारिणी में रामकिशोर खोखर को अध्यक्ष, सुरेश शेरावत को कार्यकारी अध्यक्ष तथा राजेश्वर प्रसाद यादव को सचिव चुना गया। सम्मेलन के उद्घाटन संबोधन में यूनियन एवं एटक के प्रदेश अध्यक्ष एम.एल. यादव ने केंद्र सरकार की श्रमिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से लागू नीतियों के कारण मेहनतकश, किसान और बेरोजगार युवा लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में श्रमिक हित में बने 44 श्रम कानूनों में से 15 को समाप्त कर 29 कानूनों को उद्योगपतियों के हित में चार नए लेबर कोड में बदल दिया गया है, जिससे श्रमिक वर्ग को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि एटक सहित देश के नौ प्रमुख केंद्रीय श्रमिक संगठन इन लेबर कोड के विरोध में लगातार आंदोलन कर रहे हैं। यादव ने राजस्थान रोडवेज की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2013 से अब तक राज्य सरकारों की उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण रोडवेज का वास्तविक स्वरूप लगातार छोटा होता जा रहा है। जरूरत के अनुसार दो हजार नई बसों की खरीद नहीं होने और 12 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति नहीं मिलने से रोडवेज निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चालकों और परिचालकों से प्रतिदिन 12 से 14 घंटे तक कार्य लिया जा रहा है, जबकि अतिरिक्त कार्य का अधिश्रम भत्ता, साप्ताहिक अवकाश और अन्य सुविधाएं समय पर नहीं मिल रही हैं। यह मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम, 1961 के प्रावधानों का उल्लंघन है। यूनियन के महासचिव धर्मवीर चौधरी ने कहा कि विद्याधर नगर आगार में कर्मचारियों की कमी के बावजूद सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्मिकों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। उन्होंने स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि प्रदेश कार्यालय स्तर से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने 27 और 28 सितंबर 2026 को बीकानेर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय अधिवेशन की जानकारी भी दी।

## 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ आज से

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** निकटवर्ती मूंडरू कस्बे के जालपाली धाम स्थित श्रीसीतारामजी मंदिर परिसर में संत हरिचरण दास महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले नवदिवसीय 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का गुरुवार 21 मई से आगाज होगा। कार्यक्रम के संयोजक सुदर्शन दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ के प्रथम दिवस में सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार सुबह 6 बजे मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य नंदन मिश्र द्वारा वैदिक विधिविधान से यजमानों का दशविधि स्नान कराया जाएगा। इसके बाद सुबह 8 बजे मूंडरू के बिहारीजी मंदिर से कलश यात्रा शुरू होगी। कलश यात्रा शाही लवाजमे के साथ गांव के मुख्य बाजारों से होते हुए 11 बजे जालपाली धाम पहुंचेगी। यात्रा में ऊंट, घोड़े, बग्घी, रथ होंगे। जिनमें देशभर से आने वाले कई पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर तथा संत महात्मा सवार होंगे। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त में यजमानों का मंडप प्रवेश होगा।

# एक साल से बंद पड़ी जल जीवन मिशन की टंकी, पानी को तरस रहे ग्रामीण



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** ग्राम नांगल, पोस्ट नांगल में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित पेयजल टंकी करीब एक वर्ष से तैयार खड़ी है लेकिन आज तक गांव में नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन दिए जाने थे लेकिन अब तक करीब 40 प्रतिशत घरों में जल कनेक्शन नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जलदाय विभाग को कई बार समस्या से अवगत करवाने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार विभाग द्वारा कुछ दिनों तक पानी की सप्लाई शुरू कर बाद में बंद कर दी गई तथा टंकी को सील कर दिया गया। पिछले दो माह से ग्रामीण लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। गांव में बढ़ती गर्मी और पेयजल संकट के कारण लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है।

महिलाओं एवं बच्चों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी को तुरंत चालू करवाकर गांव में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस दौरान बनवारी लाल सैनी सैनी समाज अध्यक्ष नांगल, एडवोकेट ताराचंद नांगल, प्रताप सिंह, लक्खी प्रसाद सैनी, धुकलराम सैनी, दशरथ सिंह शेखावत, मदन सैनी बावड़ी, गोपाल सैनी, झाबरमल सैनी, अशोक सैनी एवं मदन सैनी तामीड़ा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस मुख्यालय में प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों ने किया भ्रमण

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रोबेशनर अधिकारियों के एक उच्च स्तरीय दल ने आधिकारिक भ्रमण किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य सेवा में कदम रख रहे इन युवा अधिकारियों को पुलिसिंग के बुनियादी ढांचे, कानून व्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं और पुलिस व प्रशासन के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने की बारीकियों से रूबरू कराना था। इस दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के साथ प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों का एक विशेष संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें डीजीपी शर्मा ने फील्ड में सफल प्रशासनिक नेतृत्व के लिए पुलिस और प्रशासन के बेहतर तालमेल को अपरिहार्य बताया। पुलिस महानिदेशक स्पेशल ऑपरेशन्स आनंद कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। राज्य मे सड़क सुरक्षा के वर्तमान परिदृश्य व स्थिति पर महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं यातायात अनिल पालीवाल ने व्यावहारिक दिशा-निर्देश साझा किए और जिला सड़क सुरक्षा समितियों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक बीजू जॉर्ज जोसेफने स्टेट पुलिस फ्रेमवर्क विषय पर प्रस्तुतीकरण देते हुए राजस्थान पुलिस की संरचना, कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी।

राजस्थान में ड्रग्स लॉ एनफोर्समेंट तथा मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जिला स्तर पर नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की भूमिका और पर महानिरीक्षक पुलिस एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स विकास कुमार ने प्रकाश डाला।

साथ ही तकनीकी और समसामयिक चुनौतियों से निपटने के सत्र में उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने प्रोबेशनर्स को साइबर अपराध एवं डिजिटल खतरों से अवगत कराया। इस दौरान दल ने 1930 साइबर कंट्रोल रूम का प्रत्यक्ष दौरा कर ठगी के मामलों में की जाने वाली त्वरित तकनीकी कार्रवाई को देखा। उप महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स श्वेता धनखड़ ने महिलाए बच्चों और कमजोर वर्गों के अधिकारों व सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा संचालित की जा रही विशेष योजनाओं के बारे में अधिकारियों को ब्रीफ किया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों ने जयपुर कमिश्नरेट स्थित अत्याधुनिक अभय कमांड सेंटर का अवलोकन किया। वहां जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शहर की डिजिटल निगरानीए सीसीटीवी सर्विलांस, ई-चालान और आपातकालीन रेस्पॉन्स सिस्टम की कार्यप्रणाली का सजीव प्रदर्शन कर अधिकारियों को आधुनिक स्मार्ट पुलिसिंग मॉडल से परिचित कराया।

# बिजली चोर चुस्त, विद्युत निगम सुस्त

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर में बिजली चोरी को लेकर बिजली विभाग की कार्यशैली सुस्त नजर आ रही है जबकि बिजली चोर चुस्त नजर आ रहे हैं। यहां रेल्वे अंडरपास के पास चल रहे निर्माण कार्य के दौरान लंबे समय से कथित रूप से बिजली चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। लोगों का आरोप है कि यहां पिछले करीब एक महीने से बिना अधिकृत कनेक्शन के बिजली का उपयोग किया जा रहा था लेकिन विभाग के जिम्मेदारों को अवगत करवाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां भारी मशीनों और लोहे के सरियों की कटिंग उपकरणों का संचालन किया जा रहा था। वार्डवासियों ने बताया कि हाई वोल्टेज की समस्या के चलते आसपास के घरों में आए दिन बिजली उपकरण जलने की घटनाएं भी हुई, जिससे क्षेत्रवासी परेशान रहे। वार्ड संख्या 38 इलाके में कई लोगों के बिजली उपकरण जल गए लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। स्थानीय निवासी उस्मान सोलंकी और फिरोज छींपा सहित अन्य लोगों के बिजली उपकरण भी खराब हुए हैं। मामले की जानकारी सहायक अभियंता सचिन अग्रवाल को कई बार दी गई थी। इस संबंध में उन्होंने बताया कि मामले में वीसीआर भर दी गई है। हालांकि वह यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि वीसीआर किसके नाम से और कितनी राशि की भरी गई है। एक बार फिर यहां स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में वहां बिजली मीटर लगाने की कार्रवाई की। इसके अलावा भी क्षेत्र में सिनेमा हॉल के पीछे, हरिजन बस्ती और मगरा बास पर विद्युत चोरी की लगातार शिकायतें मिलती रहीं है मगर निगम के अधिकारी सुस्त नजर आ रहे हैं।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन सम्पन्न



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय अजीतगढ़ में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, उपशाखा अजीतगढ़ का वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन बाबूलाल गुर्जर एवं प्रांतीय सदस्य हरिसिंह मंगावा के निर्देशन एवं निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, रोहिताश यादव, गजानंद शर्मा के सान्निध्य में बुधवार को हुआ। सभाध्यक्ष ग्यारसीलाल जाट, उपसभाध्यक्ष संतोष कुमार दीक्षित, अध्यक्ष हरिसिंह सामोता, उपाध्यक्ष सम्पूर्णानंद, ताराचंद, कार्यकारी अध्यक्ष जमील खॉं, मंत्री योगेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष संदीप चौधरी, ब्लॉक संघर्ष समिति संयोजक गणेश कुमार राय, प्राथमिक शिक्षा प्रतिनिधि विनोद कुमार मीणा, उच्च प्राथमिक प्रतिनिधि जितेन्द्र सैनी, माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि नेमीचंद यादव, सीनियर माध्यमिक प्रतिनिधि रमेशचंद यादव, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि सुभाष काजला, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि श्रीराम यादव, कम्प्यूटर अनुदेशक प्रतिनिधि सुनील कुमार जाट, संयुक्त मंत्री हजारीलाल यादव, संगठन मंत्री दिनेश कुमार शर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, महिला संयुक्त मंत्री कमला देवी बोरख, प्रचार मंत्री दौलत सिंह यादव, कार्यालय मंत्री मंजु शर्मा का निर्वाचन किया गया। संरक्षक दल में रामचंद्र जाट, शंकरसिंह शेखावत, फूलाराम यादव, हरिसिंह रोलानिया को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष शंकरलाल खोखर ने भी अपनी उपस्थिति दी।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के लिए अगले सप्ताह खुलेगा पोर्टल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** देवस्थान विभाग राजस्थान की ओर से संचालित ष्वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026-27 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होगी। शासन सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विभागीय पोर्टल को 15 दिनों के लिए खोलने के निर्देश दिए। योजना के तहत इस वर्ष 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इनमें 50 हजार यात्रियों को ट्रेन और 6 हजार को हवाई यात्रा का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री कुमावत ने बताया कि श्सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के तहत 5 जून 2026 को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से विशेष धार्मिक पर्यटक ट्रेन रवाना होगी। इस ट्रेन से करीब 1000 वरिष्ठजन द्वारका, नागेश्वर और सोमनाथ के दर्शन करेंगे। ट्रेन अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर भी रुकेगी। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 6 जून को ट्रेन सोमनाथ पहुंचेगी, जहां यात्रियों के ठहरने और स्थानीय भ्रमण की व्यवस्था होगी। इसके बाद द्वारका और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे तथा 10 जून को ट्रेन जयपुर लौटेगी। मंत्री ने बताया कि ट्रेन में 14



वातानुकूलित कोच, दो पावर कार और एक पैंट्री कार लगाई जाएगी। यात्रियों के लिए भोजन, होटल, स्थानीय परिवहन और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था देवस्थान विभाग की ओर से की जाएगी।

प्रत्येक कोच में दो अनुदेशक, एक डॉक्टर और दो नर्सिंगकर्मी भी तैनात रहेंगे। कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक हो ताकि वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। साथ ही यात्रा के दौरान सुरक्षा, भोजन, चिकित्सा और ठहरने की व्यवस्थाएं त्रुटिहीन रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मंदिरों के जीर्णोद्धार, सिंधु दर्शन योजना, कैडर रिव्यू, नई भर्ती प्रक्रिया, ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन और लंबित न्यायालयीन मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

# फायरिंग प्रकरण में दो युवक गिरफ्तार

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** शहर में कांग्रेस नेता के घर हुई फायरिंग मामले में प्लानिंग को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि जयपुर जिले के रेनवाल मांझी निवासी मोनू चौधरी एवं अनीश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त दोनों युवक रोहित गोदारा व वीरेंद्र चारण गैंग के संपर्क में थे तथा रतनगढ़ में गत दिनों कांग्रेस नेता राजकुमार बबेरवाल के घर हुई फायरिंग की प्लानिंग इन दोनों द्वारा की गई थी तथा पंजाब से आए शूटर्स हरदीत सिंह व रोहित का इन लोगों द्वारा सहयोग किया गया था। फिलहाल पुलिस इन लोगों से पूछताछ कर रही है।

## आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश पुत्र रामगोपाल ब्राह्मण निवासी रतनगढ़, जिला चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद दुकान नंबर 64 तादादी 75.5 वर्ग फीट वाके JB market, वार्ड नंबर, नियर रामसागरिया कुआ, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 30-09-2005 को शांति देवी पत्नी रामगोपाल ब्राह्मण की राजकुमार पुत्र सुंदरलाल सोनी से खरीद शुदा थी शांति देवी के स्वर्गवास के पश्चात उक्त सम्पति दिनांकित 13-01-2025 को प्रार्थी के पक्ष में परित्याग शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 03 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

# विद्युत वोल्टेज समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं 28 में आए दिन विद्युत वोल्टेज कम-ज्यादा होने से वार्ड वासियों को हो रही समस्या के निराकरण हेतु कम से कम 2 नये 300 केवीए का ट्रान्सफार्मर लगाने बाबत अधिशाषी अभियन्ता को निर्वतमान पार्षद नन्द किशोर भार्गव ने पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि इस संबंध पूर्व में प्रेषित पत्र 21 अप्रैल 2026 को दिया था। भार्गव ने पत्र में लिखा कि मेरे वार्ड 28 में वोल्टज की समस्या का सामाना वार्डवासियों को करना पड़ रहा है जिससे हर दिन किसी ना किसी वार्डवासी का टीवी, फ्रीज पंखा, कूलर, आरओ जैसे उपकरणों के जलने की घटनाएं घटित है। वार्ड की लगभग 750 मीटर खराब केबल को बदलने का भी निवेदन किया गया था लेकिन खेद का विषय है कि इस सम्बन्ध में भी आपके विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। मेरे वार्ड सख्या 28 के नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए वार्ड में किसी भी उचित स्थान पर कम से कम दो 300 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर वार्ड में स्थापित करवायें।

# सोनी ने किए आचार्यश्री महाश्रमण के दर्शन



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** मुंबई स्थित सोमैया कॉलेज में सेवारत, रतनगढ़ निवासी योग आचार्य, साहित्यकार डॉ प्रकाश सोनी रत्न ने जैन विश्व भारती में विराजित आचार्य महाश्रमण के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ साहित्यकार डॉ वीरेंद्र भाटी मंगल भी उपस्थित रहे। दर्शन के पश्चात डॉ सोनी ने कहा कि आचार्यश्री का सान्निध्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मिक शांति एवं नई दिशा प्रदान करने वाला है। उन्होंने आचार्यश्री के प्रेरणादायी विचारों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि उनके संदेश मानवता, नैतिकता एवं संयमित जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जीवन विज्ञान, योग, अणुव्रत के संदर्भ में संक्षेप में चर्चा हुई। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी आचार्य श्री महाश्रमण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके मंगल आशीर्वाद प्राप्त किए। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक भावना एवं श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।

# सरस्वती स्कूल में कुल्फी डे मनाया



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** सरस्वती स्कूल के सभी 3000 से अधिक विद्यार्थियों व 200 से अधिक स्टाफ को कुल्फी खिलाई गयी। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। गर्मी से राहत देने के लिए प्रतीकात्मक रूप से सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आइसक्रीम कुल्फी खिलायी गई। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि बढ़ती गर्मी के इस मौसम में विद्यार्थियों को तनाव से मुक्त करने व खुशनुमा माहौल देने के लिए कुल्फी डे का विशेष आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों का एक साथ कुल्फी खाना, कुल्फी की मिठास को कई गुना बढ़ा देता है। साथ ही सभी में समानता, सहयोग व सद्भावना की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि आज का कार्यक्रम बताता है कि इस तेज गर्मी में कुल्फी का अनुभव हमें आनंद देता है, वैसे ही समस्या में समाधान है, हमें उस पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उस समय का आनंद लेना चाहिए। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमन्त दाधीच ने बताया कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन जो हर परिस्थिति में सकारात्मक बना रहता है व कुल्फी की तरह शांत दिमाग से निर्णय करता है और अपनी मेहनत पर भरोसा रखता है वही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य ब्रविम रॉय ने बताया कि पढ़ाई और कड़े परिश्रम के साथ जीवन में छोटे-छोटे उत्सवों का भी आनंद लें। जीवन में कैसा भी समय हो हमेशा कुल्फी की तरह शांत और ठंडा रहना चाहिए। आइसक्रीम डे के दौरान स्कूल परिसर का नजारा देखने लायक था। चिलचिलाती धूप के बीच ठंडी-ठंडी कुल्फी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। चारों तरफ खुशी का माहौल था। सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने इस बेहतरीन पल के लिए विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

# जिले में पीएमश्री श्रीमाधोपुर रही अव्वल



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर की टीम कलाम ने विकसित भारत बिल्डाथान 2025 में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। टीम ने पीएमश्री प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर के निर्देशन में गतिशील वाहनों से विद्युत निर्माण का अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु 13 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों ने भाग लिया। टीम में कृष्ण सैनी, हेमंत सैनी, गौरव कुमावत, सचिन सैनी एवं मनीषा सैनी शामिल रहे। डॉ चौधरी ने बताया कि 25 मई 2026को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा इसे विश्व के सबसे बड़े इनोवेशन सॉल्यूशंस प्रतियोगिता के रूप में प्रमाणित किया जाएगा तथा इसी दिन विजेताओं के खातों में पुरस्कार राशि स्थानांतरित की जाएगी। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने टीम को शुभकामनाएं दीं।

# राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में विश्व स्तर पर मिला प्रथम सम्मान

## डब्ल्यूएचओ ने राजस्थान के उत्कृष्ट प्रयासों को सराहा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2026 के ष्वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड के तहत राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2025-26 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है। यह सम्मान राज्य सरकार की जन स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता, प्रभावी नीतियों तथा तम्बाकू मुक्त राजस्थान के संकल्प का परिणाम है। राज्य सरकार आमजन विशेषकर युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। यह सम्मान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, चिकित्सा कर्मियों एवं सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

### प्रमुख शासन सचिव ने की सराहना

राज्य स्तर से बुधवार को आयोजित वीडियो कॉफ्रेंस में विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2025-26 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा राजस्थान को वर्ष 2026 के वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्तरीय सम्मान दिए जाने पर प्रदेश के सभी सीएमएचओ, डिप्टी सीएमएचओ के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व संयुक्त निदेशक डॉ एसएन धौलपुरिया ने बताया कि राज्य में ब्लॉक स्तर तक 500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों को जियोटैग कर आमजन की सुविधा के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है ताकि जरूरतमंद व्यक्ति निकटतम केंद्र तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम-2019 के तहत प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया जिला मुख्यालय पर श्री कल्याण अस्पताल तथा नीमकाथाना के जिला अस्पताल में संचालित तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र में आमजन को तम्बाकू सेवन से पड़ने वाले सामाजिक व आर्थिक नुकसान बारे में जानकारी देते हुए छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तम्बाकू निषेध से जुड़े संदेश अपडेट्स, शेयरिंग कर व्यापक स्तर पर अभियान चलाए गए। जिले के विद्यालयों में तम्बाकू मुक्त विद्यालय संबंधी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराई गई तथा लगभग जनजागरूकता गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताएं एवं रैलियां आदि का



आयोजन किया जा रहा है। तम्बाकू मुक्त ग्राम अभियान को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है तथा इसे आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना से जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने सीकर जिले की टीम को बधाई देते हुए जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, एनएचएम कर्मियों, एएनएम, आशा, सीएचओ तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन की सेवा ऐसे ही करने के लिए प्रेरित किया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि डब्ल्यूएचओ द्वारा विश्वभर के देशों को 6 रीजन्स यथा अफ्रीकन रीजन, रीजन आफ अमेरिकाज, ईस्टर्न मेडिटेरेनियन रीजन, यूरोपियन रीजन, साउथ एशिया रीजन एवं वेस्टर्न पेसिफिक रीजन में विभाजित कर यह अवार्ड दिया जाता है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी वर्ल्ड नो टोबैको डे 2026 अवॉर्ड सूची में राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विभाग को दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर उन्होंने सीकर जिले की टीम को बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि पर जिला व ब्लॉक स्तरीय सभी अधिकारियों, एनएचएम कर्मियों और एएनएम, आशा, सीएचओ तथा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है।

### राजस्थान बना तम्बाकू मुक्ति का मॉडल : चिकित्सा मंत्री

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में देशभर में एक मॉडल स्थापित किया है। राज्य में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं का व्यापक विस्तार किया गया है, जिसका लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी जनजागरूकता और प्रभावी कानून प्रवर्तन के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण अभियान को और मजबूत करेगी।

# नगरपरिषद द्वारा बिना कार्यादेश के हवा-हवाई कार्य करवाने का आरोप . . .

## भाजपा नेता कुलदीप के आरोपों का धरनार्थियों ने दिया करारा जवाब

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में दिया जा रहा धरना लगातार 18 वें दिन भी जारी रहा। गांधी चौक स्थित पार्क में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, पद्मश्री महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचंद्र मिश्र की प्रतिमाएं लगाए जाने की मांग को लेकर यह अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। धरने पर बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. गिरिशचन्द्र मिश्र के पुत्र आनंद मंगल मिश्र ने शिरकत की और कहा कि महापुरूषों की मूर्तियां लगनी चाहिए। दूसरी ओर भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप द्वारा हाल ही में लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि जो व्यक्ति कांग्रेस से उप सभापति रहे और हमेशा आरक्षण के चलते वार्ड पार्षद बने, वो आज बाबा साहेब की मूर्ति लगाने की बात आती है तो खिलाफत क्यों करते हैं। ढ़ेनवाल ने कहा कि जो बाबा साहेब के कारण राजनीतिक में नेता बने घूम रहे हैं उनको गांधी चौक पार्क में बाबा साहेब की मूर्ति लगने से क्या दिक्कत है। हमारी मांग है



कि नियमित रूप से पार्क को खोलकर उस पर बोर्ड भी नेहरू पार्क को लगाया जावे और मूर्तियों को स्थापित किया जावे। उन्होंने कहा कि विधायक तो अपने खर्चे से अपने पिता की मूर्ति लगाना चाहते हैं, तो इसमें दिक्कत क्या है। क्योंकि जिस व्यक्ति ने सुजानगढ़ और रतनगढ़ के लोगों को पीने का मीठा पानी उपलब्ध करवाया, उनकी मूर्ति तो लगनी चाहिए। जबकि दल बदलने वाले लोग आज कांग्रेस के खिलाफ बोल रहे हैं, वो कल दूसरे दल में जाकर राजेंद्र राठौड़ के खिलाफ भी बोल सकते हैं।

निवर्तमान पार्षद और धरनार्थी इकबाल खान कायमखानी ने कहा कि जब से धरना चालू हुआ है तब से भाजपा के एक नेता लगातार धरने को हतोत्साहित करने के लिए और दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि जो व्यक्ति आरक्षण के कारण पार्षद बनाए वो धरने को बदनाम करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं। हम लोग प्रतिमा लगाने की मांग कर रहे हैं तो भाजपा नेताओं को क्या दिक्कत है। अगर विधायक पर्सनल खर्चे से अपने पिता की मूर्ति लगाना चाहते हैं, तो उनको क्या दिक्कत है। इकबाल खान ने कहा कि भाजपा वाले भ्रष्टाचार की बात करते हैं लेकिन भ्रष्टाचार तो उनके लोग कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रेक्टर लेबर का टेंडर है, उसका मार्च 26 तक एक्सटेंशन था लेकिन उसके बाद जो भी काम किया जा रहा है वो बिना अनुमति के बिना किसी आदेश के ही हवा हवाई ट्रेक्टर चलाये जा रहे हैं जबकि दूसरी तरफ नए टेंडर को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि भाजपा के नेताओं के दबाव में आकर अधिकारी बिना किसी आदेश के ही लोगों से काम करवा रहे हैं। अब तो जनता समझ गई है कि भ्रष्टाचार कैसे-कैसे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पार्षदों को लेकर इस बारे में लिखित शिकायत भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में सुजानगढ़ में कोई लीडर नहीं है क्योंकि उनको बार-बार हर बात के लिए चूरू के नेताओं को बुलाना पड़ता है। धरने पर तरुण सियोता, निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी, बिलाल भूरान, नोरतन सियोता, गोपाल तेजस्वी, पवन लाखन, पप्पू बारावास, भगवान राम बावरी, अंकित सियोता, फिरोज खान, रोशन, प्रतीक, विनोद ढेनवाल, सोहेल गोपालपुरिया, इमरान खान, दिलशाद खान आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर बिना टेंडर या एक्सटेंशन के ट्रेक्टर लेबर कार्य के आरोपों पर कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक से जानकारी चाहने पर उन्होंने कहा कि मार्च के बाद में ऐसा कोई एक्सटेंशन नहीं हुआ है। अभी 70 तक ट्रेक्टर ट्रोली डंपिंग यार्ड में पहुंच रहे हैं और इसे 100 तक करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि डंपिंग यार्ड में पहुंचने वाले ट्रेक्टर की गिनती के लिए जमादार से रिपोर्ट लगातार ली जा रही है। वहीं सफाई निरीक्षक मुनालाल मीणा से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि मार्च के बाद में एक्सटेंशन के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# राबड़ी दिवस मनाया



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी को राबड़ी उत्सव राबड़ी का सेवन करके मनाया गया। वर्ष 2023 से शुरू राबड़ी दिवस को इस साल और व्यापक कलेवर के साथ एक उत्सव के रूप में हम जेष्ठ शुक्ल चतुर्थी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 20 मई को आयोजित किया गया। यह दिवस अंग्रेजी तारीख को नहीं मनाया जाता है, हिंदी पंचांग के अनुसार जेष्ठ मास की चतुर्थी को मनाया जाता है । वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने राबड़ी की महता को बताते हुए बताया कि राबड़ी का महत्व बताने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। गांवों में जहां आज भी घरों में मोटे अनाज की राबड़ी बनती है जो खाने में पौष्टिक होती है जबकि शहरों में इसका प्रचलन कम हो गया है। हालांकि अभी इसका प्रचलन गांवों में भी कम हो रहा है। आज अब आधुनिकता की दौड़ में हमारा खानपान ब्रांड पर निर्भर हो गया है। असली सुपर फूड है राबड़ी। राबड़ी का देसी व्यंजन रेगिस्तान की जलवायु से सीखा गया एक भोजन है जो कम जल, कम ईंधन और बिना किसी प्रसंस्करण के पोषण देता है। हम भोजन में फिर से परंपरा, प्रकृति और स्थानीयता को स्थान दें। यह दिवस हमारी थाली को टिकाऊ बनाकर धरती के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। जिस तरह हमारे पुरखे राबड़ी बनाते थे उसी तरह मोटा अनाज बाजरा, मक्का, गेहूं और जों का दलिया और छाछ को मिलाकर राबड़ी बनाई जाती है। वर्तमान में युवा पीढ़ी पुराने खानपान से अनभिज्ञ होती जा रही है। राबड़ी का स्थान नाश्ते के रूप में पिज़्ज़ा, बर्गर, चाऊमीन आदि ने ले लिया है। हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। ऐसे में आमजन और युवाओं को राबड़ी के प्रति जागरूक करने के लिए आज शहरों में घर घर में राबड़ी बनाई जाए। इस अवसर पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू, मनभरी देवी जाखड़, बसंती देवी जाखड़, योगेश कुमार जाखड़, अनू कुमार जाखड़, चारुल जाखड़, निधिका जाखड़, कनिका कुमारी जाखड़, बबिता देवी जाखड़ सांखू सहित अन्य स्थानों पर भी राबड़ी दिवस मनाया गया ।

मनोज कुमार रूनला ढाका की ढाणी नवलगढ़, विजय कुमार राड़ बिरोल, सत्येंद्र सिंह बुगालिया बलवंतपुरा सहित अनेक स्थानों पर राबड़ी दिवस मनाया गया।

# सरकार तक सही रूप में पहुंचाएं जनता की आकांक्षाएं और जरूरतें



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान को लेकर गठित कमेटी की बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा के सानिध्य में उपखंड कार्यालय में किया गया। बैठक में उपस्थित कमेटी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में करीब दो सौ और शहर के वार्डों में करीब 150 के लगभग पोईंट्स के आस-पास जानकारी मांगी गई है। इसलिए सभी 24 विभागों से सम्बंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ इस रिपोर्ट को भरना है ताकि आने वाले समय में जनसंख्या के हिसाब से अधिकतम संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। वर्मा ने कहा कि 2030, 2035 और 2047 के जनता की किस प्रकार की आकांक्षाएं और जरूरतें हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए समुचित आंकड़ों के साथ इस फोर्मेट को भरें ताकि सरकार तक सही और समुचित जानकारी भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर पहुंच सके। बैठक के दौरान तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया, सीबीईओ सुनीता पूनिया, पुरूषोतम चौहान, नगरपरिषद की सहायक अभियंता चारवी, यतीन्द्र, छापर से अधिशाषी अधिकारी भवानीशंकर व्यास सहित अनेक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अभिभाषक संघ पर फिजूलखर्ची के लगे आरोप, वकीलों ने की नारेबाजी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अभिभाषक संघ के कुछ सदस्य वकीलों ने अभिभाषक संघ सुजानगढ़ बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया है और फिजूलखर्ची के आरोप लगाते हुए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के खिलाफ दिनभर धरना भी दिया। धरने पर अभिभाषक संघ द्वारा सामूहिक भोज आयोजित करने के प्रस्ताव को फिजूलखर्ची बताया गया और इसको लेकर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भोजन के कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की गई। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री खाने का तेल, रसोई गैस और पेट्रोल डीजल बचाने की अपील जनता से कर रहे हैं। वहीं अभिभाषक संघ द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन करना फिजूलखर्ची है, जिस पर रोक लगनी चाहिए। एडवोकेट करणीदान चारण ने कहा कि जब स्थापना दिवस बार संघ का आता है, तब वकीलों के अनुरोध के बावजूद भी सामूहिक भोजन आयोजित करने की बात पर फंड की कमी का हवाला दिया जाता है। जबकि बात विदाई और पार्टी की हो तो, सामूहिक भोजन किया जा रहा है, जिसकी हम लोग खिलाफत करते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभाषक संघ की फिजूलखर्ची के खिलाफ धरना जारी रहेगा। वहीं धरने पर वकीलों ने नारेबाजी की। धरनार्थियों से वार्ता करने के लिए वकीलों की



मीटिंग भी आयोजित की गई, जिसमें कोई आम सहमति धरनार्थियों और अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के बीच तैयार नहीं हो सकी, जिसके कारण कुछ वकील फिर से धरने पर बैठ गए। धरने पर अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप कठातला, रजाक खान, दशरथसिंह राठौड़, अक्षय शर्मा, विमल दाधीच, बाबूलाल कीलका, नरेश सिंवर, रजमान मणिहार, हनुमान मल प्रजापत, राजेंद्र सोनी सहित अनेक वकील बैठे और फिजूलखर्ची के खिलाफ नारेबाजी की। दूसरी ओर इस बारे में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट सूरजमल यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि संघ में प्रस्ताव लेकर ही भोजन रखा गया है, अब कुछ लोग अगर व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए विरोध कर रहे हैं, तो हम लोग बाकी के 98 प्रतिशत वकीलों की सहमति और इच्छा का अनादर नहीं कर सकते। सूरजमल यादव ने कहा कि वार्ता में सब प्रकार से धरनार्थियों को मनाने का प्रयास किया गया लेकिन अगर किसी को जिद ही करनी है तो कोई समाधान नहीं निकल सकता। सभी सीनियर वकीलों और अभिभाषक संघ की सहमति से ही भोजन का आयोजन किया गया है। वहीं अभिभाषक संघ के सचिव एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने कहा कि फिजूलखर्ची के सारे आरोप निराधार हैं। क्योंकि अभिभाषक संघ में फंड की कोई कमी नहीं है अधिकारियों के सम्मान में ऐसे आयोजन होते रहे हैं और इससे बार की गरिमा भी बनी रहती है। जहां तक स्थापना दिवस पर भोजन की बात है, तो ऐसी परम्परा नहीं रही है, वरना आयोजन तो हो सकता है। अगर अभिभाषक संघ में ऐसा प्रस्ताव लिया जायेगा, तो भविष्य में स्थापना दिवस पर भी ऐसे आयोजन हो सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190